

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 09 सितंबर 2025 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष -41 ■ अंक-163 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## नेपाल के पीएम केपी ओली ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू,9 सितंबर।** नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के बीच हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही. राष्ट्रपति पौडेल के निजी आवास पर कब्जा कर आगजनी की गई. मंत्रियों के घरों को निशाना बनाया जा रहा है और कई मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं. पीएम ओली दुबई जाने की तैयारी में हैं और शाम 6 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है.नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन हटाने की मांग से शुरू प्रदर्शन की आंच पीएम ओली की कुर्सी तक जा पहुंची है. नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन हटाने की मांग से शुरू प्रदर्शन की आंच पीएम ओली की कुर्सी तक जा पहुंची है. नेपाल में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं. विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है. राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं सामने आ रही हैं.





राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निजी आवास पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी. इससे पहले प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी के नेता रघुवीर महासेठ और माओवादी अध्यक्ष प्रचंड के घरों पर भी हमला हुआ. गृहमंत्री रमेश लेखक, कृषि मंत्री रामनाथ अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं. लगातार बढ़ते दबाव के बीच पीएम ओली इलाज के नाम पर दुबई जाने की तैयारी कर रहे हैं और उन्होंने उपप्रधानमंत्री को कार्यवाहक जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है.

हिंसक प्रदर्शनों के बीच केपी ओली ने शाम 6 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है. कर्फ्यू और सुरक्षा के सख्त इंतजामों के बावजूद विरोध प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है और राजनीतिक संकट गहराता जा रहा है. काठमांडू में विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले लिया है. प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के भीतर प्रवेश कर दोनों सदनों में आग लगा दी. पूरा संसद भवन अब प्रदर्शनकारियों के कब्जे में है. नेपाल में विरोध प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं और नेताओं पर दबाव गहराता जा रहा है. प्रदर्शनकारियों के डर के चलते मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश सिंह ने इस्तीफा दे दिया है. इसके अलावा मधेश, लुम्बिनी, गंडकी और सुदूर पश्चिम प्रदेश के कई मुख्यमंत्री दफ्तर प्रदर्शनकारियों के कब्जे में आ गए हैं. राजधानी और विभिन्न प्रदेशों में प्रदर्शनकारी पथराव और घेराव कर रहे हैं. लगातार बढ़ती हिंसा और अस्थिरता के बीच राजनीतिक संकट गहराता जा रहा है. नेपाल में सोशल मीडिया बैन के विरोध में युवा सड़कों पर उतर आए. सरकार ने बाद में यह फैसला वापस ले लिया, लेकिन युवाओं में गुस्सा और असंतोष अभी भी बना हुआ है. वे यहां आगजनी-तोड़फोड़ कर रहे हैं. तस्वीरों में नेपाल के मौजूदा हालात देख सकते हैं.

## खरगे के हाथों में हाथ डालकर पहुंचे नितिन गडकरी

**नई दिल्ली,9 सितंबर।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले मतदान किया और अब उनके बाद राज्यसभा और लोकसभा के सभी सांसद लाइन में लगकर वोटिंग में जुटे हैं। इस बीच एक दिलचस्प तस्वीर भी सामने आई है, जिसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी वोट डालने पहुंचे तो उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी थे। दोनों नेता एक-दूसरे का हाथ पकड़कर परिसर में आए। देर तक दोनों इसी तरह चलते रहे और मुस्कुराते हुए बातें करते रहे। इस तस्वीर पर भाजपा की ओर से कोई रिएक्शन तो नहीं आया, लेकिन कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि यही तो असली लोकतंत्र की तस्वीर है। यही नहीं उन्होंने कहा कि क्या आपने कभी पीएम नरेंद्र मोदी को इस तरह किसी का हाथ पकड़े हुए देखा है। वह तो हमेशा गुस्से में रहते हैं और किसी से भी संवाद से बचते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जारी वोटिंग के दौरान कई दिलचस्प तस्वीरें देखने को मिली हैं। एक तरफ गिरिराज सिंह और अखिलेश यादव बेहद प्रेम से मिलते नजर आए तो वहीं किरेन रिजिजू भी लगातार विपक्ष के कई नेताओं से मिलते दिखे। उन्होंने डिंपल यादव से भी



वोटिंग बूथ के बाहर बात की। बता दें कि इस चुनाव में एनडीए कैंडिडेट सीपी राधाकृष्णन की विपक्षी प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी के मुकाबले जीत तय मानी जा रही है। दरअसल वाईएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों ने भी एनडीए कैंडिडेट के समर्थन का ऐलान किया है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए हुआ मतदान

**नई दिल्ली,9 सितंबर।**15वें उपराष्ट्रपति के लिए मंगलवार को मतदान जारी है। संसद में वोटिंग सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। दोपहर 3 बजे तक 96% वोटिंग हो चुकी है। पीएम मोदी ने पहला वोट डाला। एनडीए ने 68 साल के सीपी राधाकृष्णन को तो इंडिया ने 79 साल के बी सुदर्शन रेड्डी को प्रत्याशी बनाया है। इस चुनाव में कुल 781 सांसद वोट डालेंगे। वोटों की गिनती शाम 6 बजे से शुरू होगी। इसके बाद परिणाम घोषित होंगे। इस बीच, केसीआर R की पार्टी बीआरएस और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक की पार्टी बीजेडी ने उपराष्ट्रपति चुनाव से किनारा कर लिया है। दोनों पार्टी किसी भी गठबंधन का समर्थन नहीं करेंगी। राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इनकार कर दिया है। AIMIM अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि इस चुनाव में वे




इंडिया के प्रत्याशी को समर्थन करेंगे। YSRCP के 11 सांसदों ने एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट करने का फैसला किया है। जीता उम्मीदवार जगदीप धनखड़ की जगह लेगा। धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर अपने पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

## झंडा विवाद: प्रधान आरक्षक और आरक्षक लाइन अटैच

**दुर्ग,9सितंबर।** जिले के मचांदुर गांव में भगवा झंडा लगाने को लेकर हुए विवाद में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सेना जवान कौशल निषाद के घर भगवा झंडा लगाने के बाद हुए विवाद में शामिल एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है और दो व्यक्तियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। बता दें कि मचांदुर गांव के जिस मोहल्ले में यह विवाद हुआ वहां मुस्लिम के 40 परिवार हैं, तो वहीं हिंदू समाज के 2 परिवार निवास करते हैं। बीते 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर यहां हरे झंडों की सजावट की गई थी। इस दौरान इस मोहल्ले में निवास करने वाले जवान कौशल निषाद ने भी अपने घर पर भगवा झंडा लगा दिया। इसके बाद दो पुलिसकर्मियों ने झंडा हटाने का अनुरोध किया, लेकिन निषाद परिवार ने झंडा उतारने से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। इस बीच बचाव में जवान की मां के पहुंचने से पुलिस कर्मी वहां से वापस लौटे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर



वायरल हो गया। इसके बाद हिंदू संगठनों और भाजयुमो ने जोरदार विरोध किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ शख्त कार्यवाही की मांग की है। वहीं यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम मचांदूर के उस एरिया में बहुत से मुस्लिम परिवार अवैध रूप से आकर बसे हैं, जिनकी भी जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाए अन्यथा हिंदूवादी संगठन उग्र प्रदर्शन करेगा। बीते मंगलवार उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि "भारत की धर्म-आस्था पर कोई हस्तक्षेप होगा तो आवाज उठेगी। हमारी बात स्पष्ट है कि ध्वज हम वहीं लगाएंगे।" इसके बाद भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जवान के घर पहुंचे और भगवा झंडा फहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "जय श्री राम" के नारे लगाए और सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मचांदुर झंडा विवाद में शामिल प्रधान आरक्षक महेश देवांगन और आरक्षक रामकृष्ण दास को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं, मामले से जुड़े मोहम्मद खान और असलम खान (पिता राशिद खान) के खिलाफ धारा 296, 351(3) और धारा 3(5) के तहत FIR दर्ज की गई है। इसके अलावा, असलम खान पर धारा 75 के तहत भी एक मामला दर्ज किया गया है।

## फिर हैक हुई दुर्ग यूनिवर्सिटी की वेबसाइट

**दुर्ग,9 सितंबर।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय (दुर्ग यूनिवर्सिटी) की वेबसाइट सोमवार को एक बार फिर हैक हो गई. पाकिस्तानी हैकर्स ने यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर पीएम मोदी को गाली लिखी हुई पोस्टर अपलोड कर अपने मौजूदगी का सबूत दे दिया. सोमवार को हैक हुई वेबसाइट शाम तक रिस्टोर कर ली गई. दुर्ग यूनिवर्सिटी की वेबसाइट हैक होने का यह पहला मामला नहीं है. बीते तीन महीनों में तीन बार यूनिवर्सिटी की वेबसाइट हैक हो गई है, पहली बार 7 जुलाई को, दूसरी बार 7 सितंबर को और अब 8 सितंबर को वेबसाइट हैक हुई है. जानकार इसके पीछे शेयर्ड सर्वर को वजह मानते हैं, जिसमें सुरक्षा डेडिकेटेड सर्वर की तुलना में बहुत कम होता है, और हैकर कहीं न कहीं से तोड़ निकाल लेते हैं. सवाल यह है कि एक यूनिवर्सिटी प्रबंधन, जिससे दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में स्थित 147 संबद्ध कॉलेजों के हजारों छात्र समय-सारणी, परीक्षा तिथि, परीक्षा परिणाम से लेकर तमाम शैक्षणिक गतिविधियों के लिए निर्भर हैं, वह किस तरह से इस लापरवाही को लगातार बर्दाश्त कर रहा है.

## ऐतिहासिक विसर्जन झांकी में पहुंचे मुख्यमंत्री साय



**रायपुर 9 सितंबर.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 8 सितंबर की देर रात राजधानी रायपुर के हृदयस्थल जयस्तंभ चौक स्थित नगर निगम द्वारा निर्मित स्वागत मंच पर पहुंचे और ऐतिहासिक गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल होकर झांकियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर की गणेश विसर्जन झांकी अत्यंत ऐतिहासिक परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने विघ्नहर्ता श्री गणेश से छत्तीसगढ़ की खुशहाली और समृद्धि की कामना भी की। मुख्यमंत्री श्री साय ने ऐतिहासिक विसर्जन यात्रा में आमंत्रित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस राजधानी रायपुर में शाम 8 बजे से ही गणेश झांकी यात्रा प्रारंभ हो गई थी। इस बार भी निर्धारित रूट पर शारदा चौक से झांकियों को टोकन प्रदान किया गया। झांकियां तेलघानी नाका, राठौर चौक और तात्यापारा से होकर शारदा चौक में एकत्रित हुईं, तत्पश्चात एक-एक कर आगे बढ़ीं। ये सभी झांकियां जयस्तंभ चौक से होते हुए मालवीय रोड, सदर बाजार, कंकालीपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनी नगर, सुंदर नगर और रायपुरा मार्ग से होकर महादेव घाट तक पहुंचीं। इस वर्ष भी झांकियों को विभिन्न विषयों पर आकर्षक रूप से सजाया गया। इनमें विविध पौराणिक प्रसंगों के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर और राफेल विमान की झलक भी देखने को मिली। रायपुर की सड़कों पर झांकी के रूप में राफेल विमान का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। एक झांकी में बप्पा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान में विराजमान दिखाई दिए। इन झांकियों को देखने के लिए न केवल रायपुर शहरवासी बल्कि आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचे।

## ओडिशा ने बस्तर में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

रायपुर, बस्तर संभाग में आई बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आपदा की इस घड़ी में कई राज्यों ने छत्तीसगढ़ सरकार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मध्यप्रदेश और गोवा के बाद अब गुजरात और ओडिशा सरकार ने भी छत्तीसगढ़ की मदद के लिए 5-5 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मदद के लिए दोनों राज्यों का आभार जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी का छत्तीसगढ़ की बाढ़ आपदा के समय ₹5-5 करोड़ की राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आभार। आपका यह सहयोग बस्तर संभाग के प्रभावित परिवारों के लिए त्वरित राहत सुनिश्चित करेगा और हमारी आपदा प्रबंधन की क्षमता को मज़बूती देगा। आपका यह व्यावहारिक समर्थन हमारे साझा दायित्व और परस्पर सहयोग की मिसाल है। छत्तीसगढ़ सरकार और यहां की जनता की ओर से इस सहयोग के लिए आपका हार्दिक धन्यवाद।माननीय भूपेंद्र पटेल जी, मुख्यमंत्री गुजरात और माननीय मोहन चरण मांझी जी, मुख्यमंत्री ओडिशा का छत्तीसगढ़ की बाढ़ आपदा के समय ₹5-5 करोड़ की राहत राशि उपलब्ध कराने के लिए आभार। बता दें कि सबसे पहले मध्यप्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के बाढ़ प्रभावितों के लिए 5 करोड़ रुपये और राहत सामग्री भेजी थी। इसके बाद गोवा सरकार ने भी मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपये जमा कराए। अब गुजरात और ओडिशा की ओर से भी 5-5 करोड़ रुपये की सहायता राशि भेजी गई है।

## अमेरिकी अधिकारी ने भारत को दी धमकी

**वाशिंगटन,9 सितंबर।**अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बदलते तेवरों के बीच एक बार फिर अमेरिकी अधिकारी ने भारत को धमकी दी है। वाइट हाउस के के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि भारत को कभी तो अमेरिका की बात माननी ही होगी। साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं हुआ तो भारत के लिए अच्छा नहीं होगा। हाल ही में ट्रंप ने भारत के साथ अच्छे संबंध होने की बात कही थी। नवारो ने सोमवार को रियल अमेरिकाज वॉयस कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कहा कि भारत को किसी न किसी समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ताओं पर 'सहमत होना ही पड़ेगा'। अगर ऐसा नहीं होता है, तो नई दिल्ली रूस और चीन के साथ खड़ी नजर आएगी और यह भारत के लिए 'अच्छा' नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस बात से आहत हुई है कि उन्होंने भारत को टैरिफ का 'महाराज' कहा था। BRICS देशों पर तीखा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'असल बात यह है कि इस समूह का कोई भी देश तब तक जीवित नहीं रह सकता जब तक वे अमेरिका को अपना माल नहीं बेचते। और जब वे अमेरिका को निर्यात करते हैं, तो वे अपनी अनुचित व्यापार नीतियों से वैम्पायर की तरह हमारी नसों का खून चूसते हैं।' रूस से तेल आयात और ऊंचे शुल्कों को लेकर भारत के खिलाफ आए दिन राग अलापने वाले नवारो ने कहा कि भारत दशकों से चीन के साथ युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने तंज कसा, 'और मुझे अभी याद आया, हां, पाकिस्तान को परमाणु बम चीन ने ही दिया था। अब आपके पास हिंद महासागर में चीनी झंडे लिए हवाई जहाज घूम रहे हैं। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी, देखिए आप इसे कैसे संभालते हैं।' नवारो ने कहा, 'लेकिन यह बिल्कुल सच है। अमेरिका के खिलाफ दुनिया के किसी भी बड़े देश में सबसे ऊंचे शुल्क भारत ही लगाता है। हमें इससे निपटना होगा।' उन्होंने दावा किया कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने से पहले भारत ने कभी मॉस्को से तेल नहीं खरीदा था, 'सिवाय बहुत ही थोड़ी मात्रा के।' इसके बाद भारत ने मुनाफाखोरी का रुख अपना लिया, जहां रूसी रिफाइनर भारत की जमीन पर आकर लाभ कमा रहे हैं, और अमेरिकी करदाताओं को इस संघर्ष के लिए और अधिक पैसा भेजना पड़ता है। इससे पहले, नवारो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है और 'वह एक्स पर दुष्प्रचार फैलाने वाले बस कुछ लाख लोगों को ही जगह दे सकता है ताकि किसी जनमत सर्वेक्षण के साथ छेड़छाड़ कर सके। कितना बड़ा मजाक है। अमेरिकाः देखो कि किस तरह विदेशी हित हमारे सोशल मीडिया का इस्तेमाल अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं।'



## संभल हिंसा पर सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क को राहत

**प्रयागराज ,9 सितंबर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल की जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा से जुड़े मामले में सपा के सांसद जिया उर रहमान बर्क को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने संभल के विशेष जज (एमपी/एमएलए) कोर्ट में चल रही आगे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सांसद जिया उर रहमान बर्क ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर विशेष जज की अदालत में चल रही पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग की है। याचिका पर जस्टिस समीर जैन की एकल पीठ सुनवाई कर रही है। 24 नवंबर 2024 को संभल स्थित जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के खिलाफ कोतवाली थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई तक सांसद को फिलहाल राहत मिल गई है। दरअसल, संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसके चलते पांच लोगों की मौत हुई और 20 पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल भी हो गए थे।

इस मामले में संभल पुलिस ने बर्क को मुख्य आरोपी बनाया है।

## संक्षेप

### गणेश विसर्जन के दौरान हिंसा

**मांड्या ,9 सितंबर ।** कर्नाटक के मांड्या जिले के मद्दुर तालुका में 7 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हुए पथराव और हिंसक झड़पों के बाद तनाव बना हुआ है। इस घटना में छह लोग घायल हो गए थे। इसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई ने मंगलवार को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक बंद का आह्वान किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रेश ने कार्यकर्ताओं को मद्दुर में 'बंद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जनता, व्यापारियों और संगठनों से 'बंद' में सहयोग करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने 'बंद' को सरकार के लिए चेतावनी करार बताया। भाजपा के सहयोगी दल जनता दल (सेक्युलर) ने भी बंद का समर्थन किया है। पूर्व विधायक डीसी थम्मन्ना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी से निष्पक्ष तरीके से 'बंद' में भाग लेने का अनुरोध किया।

मंगलवार को सुबह-सुबह बंद के चलते मद्दुर शहर पूरी तरह ठप नजर आया। मुख्य सड़कें सुनसान हैं, और जरूरी वस्तुओं की दुकानों को छोड़कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं। मस्जिदों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस हाई अलर्ट पर है, और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बता दें कि मद्दुर में हुई घटना के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 21 लोगों को हिरासत में लिया है। केंद्रीय उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने मद्दुर की घटना को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। कुमारस्वामी ने कहा, हमारे जिले और पूरे राज्य में इतनी बड़ी घटना घटने का मुख्य कारण कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का आचरण है।

### सीआरपीएफ के जवान ने खुद को मारी गोली

**सुकमा,9 सितंबर।** इंजरम के 219 बटालियन सीआरपीएफ के जवान ने बीती रात खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. आत्महत्या के कारणों का जांच जारी है. जानकारी के अनुसार, घटना बीती रात करीबन 10.30 बजे की है. आत्महत्या करने वाले जवान नीलेश कुमार गर्ग के पास से 6 पेज का सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है. मध्य प्रदेश के रहने वाले नीलेश ने अपने ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मारी है.

### दिल्ली पुलिस ने संगठित अवैध जुए के अड्डों पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली ,9 सितंबर ।** दिल्ली आउटर जिला पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग इलाकों में चल रहे जुए के अड्डों पर छापेमारी की और कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी मामलों में दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीसीपी आउटर डिस्ट्रिक्ट के निर्देश पर पूरे जिले की पुलिस को सतर्क और सक्रिय रहने के लिए विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत पुलिस टीमों ने रविवार को कई इलाकों में कार्रवाई की और संगठित अपराध की कड़ी नाकेबंदी की। सबसे पहले पश्चिम विहार वेस्ट थाना की टीम ने नेहरू मार्केट, ज्वालापुरी के पास बाघ वाला पार्क में छापा मारा। दरअसल, हेड कांस्टेबल सुजन और सुरेश को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि पार्क में कुछ लोग अवैध जुआ खेल रहे हैं।

पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने दो लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान हजारों रुपए नकद और जुए का सामान बरामद किया गया।

इस मामले में एफआईआर

## एक नजर

### चोरी की बाइक बरामद,आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई, 9 सितंबर।** भिलाई दिनों जिलेभर में चल रही सख्त पुलिस कार्रवाई के तहत सीएसपी स्कॉर्ट टीम लगातार चोरी की गाड़ियों को खोजकर थानों में सुपुर्द कर रही है और आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है इसी क्रम में थाना पद्मनाभपुर पुलिस ने सशक्त ऐप की मदद से बड़ी सफलता हासिल की है ठगड़ा बांध रेलवे ट्रैक किनारे से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर आरोपी महेन्द्र नागरे (42 साल ) निवासी हरनाबांधा दुर्ग को गिरफ्तार किया आरोपी पहले भी वाहन चोरी के मामले में जेल जा चुका है खास बात यह रही कि पुलिस ने इस तकनीक की मदद से करीब तीन साल पहले चोरी हुई बाइक को भी ढूंढ निकाला गौरतलब हो कि जिले में बढ़ती दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई हैउक्त कार्यवाही में गठित टीम सउनि चंद्रशेखर सोनी प्रआर मनीष अग्नीहोत्री, आरक्षक हिमांशु जंघेल, आरक्षक खिलेश कुर्रे, आरक्षक गजेन्द्र यादव, आर रविशंकर मरकाम एवं थाना पदमनाभपुर के प्रआर लख्मीनारायण देवांगन एवं आर पुष्पा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई, 9 सितंबर।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के कृष्ण पैलेस के आगे सड़क हादसे में ( 25 साल ) प्रिंस सिंह राजपूत निवासी कुम्हीगुड़ा चौकी देवकर) की मौत हो गई वह अपनी होंडा साइन मोटरसाइकिल से भिलाई जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आए अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया हादसे में प्रिंस को सिर से घुटनों तक गंभीर चोटें आई सूचना पर 112 की टीम ने उसे जिला अस्पताल धमधा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया धमधा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कलेक्टर ने सम्मानित शिक्षकों व कर्मचारियों का स्वागत कर किया संवाद

**धमतरी, 9 सितम्बर।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज सोमवार को जिले के उन शिक्षकों, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों से मुलाकात की, जिन्हें हाल ही में शिक्षक दिवस तथा अन्य राज्य स्तरीय समारोहों में सम्मानित किया गया है। कलेक्टर ने सभी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ दी इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने उनके कार्यों की जानकारी ली और बच्चों के भविष्य को लेकर उनके विज़न पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के शिक्षक और कर्मचारी अपने समर्पण और मेहनत से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं गौरतलब है कि धमतरी के लाईवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षक श्री टीकमचंद किरण को अब तक 1200 से अधिक युवाओं को सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किया। इसी प्रकार शिक्षिका श्रीमती प्रीति शांडिल्य और श्रीमती किरण साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों के लिए रायपुर स्थित राजभवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सम्मानित किया।

### अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 388 किलोग्राम गांजा जब्त

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 60 लाख रुपये कीमत का 388 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इसके अलावा कंटेनर वाहन और अन्य सामान भ्जी जब्त किया है। मामले में पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि जिले में नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भिलाई पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 7 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि कंटेनर वाहन क्रमांक एलएल 01 एच 9524 अवैध रूप से गांजा लेकर रायपुर से दुर्ग की ओर आ रहा है। सूचना के अनुसार पुलिस टीम ने टोल प्लाजा कुम्हारी पर नाकेबंदी की। जब कंटेनर वाहन रोककर पूछताछ की गई, तो चालक ने अपना नाम उमेश यादव, पिता शोभित यादव, उम्र 46 साल, निवासी जय नगर जिला मधुबनी, बिहार बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि कंटेनर आमतल्ला कोलकाता, पश्चिम बंगाल से सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। रास्ते में देवघर, उड़ीसा में परिचित राहुल से मुलाकात हुई, जिसने 13 बोरी गांजा नागपुर में शाहिद के पास छोड़ने को कहा। प्रत्येक बोरी के लिए 5000 रुपये देने की बात कही गई। उमेश यादव ने बताया कि कंटेनर लॉक होने के कारण उसने कंटेनर का नट निकालकर गेट खोला और गांजा भरकर नागपुर ले गया। जिसके बाद कार्यपालिका मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कंटेनर की तलाशी ली गई। तलाशी में कंटेनर के पीछे हिस्से में 13 प्लास्टिक बोरी रखी मिली। बोरी खोलने पर इनमें पॉलिथिन पैकेट में पैक 388 पैकेट गांजा पाए गए, जिनका कुल वजन 3 क्विंटल 88 किलोग्राम है। इसके अलावा कंटेनर में नगदी 95 हजार रुपये और अन्य सामान मिला। कुल कीमत के आधार पर जब्त माल की कीमत 1 करोड़ 53 लाख रुपये है। अभियुक्त की निशानदेही पर थाना कुम्हारी और एसीसीयू की संयुक्त टीम नागपुर गई और वहां ट्रेप लगाकर अन्य आरोपी मुस्ताक अहमद और फ याज अंसारी को गिरफ्तार किया। मामले में आवश्यक कार्यवाही अपराध दर्ज कर थाना कुम्हारी से की जा रही है। पुलिस ने बताया कि यह मामला अपराध क्रमांक 172/2025, थाना कुम्हारी, धारा 20 (बी) आईआईआईसी, 25, 27 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

# पार्षद के खाते 6 लाख निकालने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई, 9 सितंबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के वार्ड-31 की बीजेपी पार्षद प्रियंका भोला साहू ने अपने खाते से 6 लाख रुपये गायब होने की शिकायत दर्ज कराई पार्षद ने बताया कि वह साल 2021 में वार्ड की पार्षद चुनी गई पार्षद निधि का पैसा 15000 रुपये हम महीने उनके खाते में आता था. जिसे लंबे समय से निकाला नहीं गया था. बीते दिनों जब उन्हें पैसों की जरूरत पड़ी और वह बैंक जाकर अपने खाते से पैसे निकालने लगी तो पता चला कि उनके एकाउंट में पैसे है ही नहीं. 6 लाख रुपये किसी ने निकाल लिए थे, जिसके बारे में उन्हें पता ही नहीं था। पार्षद की शिकायत पर छावनी थाने पुलिस ने जांच शुरू किया जिसके बाद खुलासा हुआ कि घर में काम करने वाले नाबालिग ने इस घटना को अंजाम दिया नाबालिग ने उड़ाए पार्षद के खाते से लाखों रुपये पार्षद



के खाते से पार्षदनिधि गायब होने की जांच पुलिस ने शुरू की पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की इसी दौरान घर में काम करने वाले नाबालिग से भी पूछताछ की गई जिसके बाद पुलिस को उसकी बातों से शक हुआ कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी नाबालिग ने घटना को अंजाम देना कबूल किया नाबालिग ने ऐसे दिया घटना को अंजाम- पुलिस की पूछताछ में आरोपी नाबालिग ने बताया. जिसे पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि पुलिस जांच पता चला है कि घर में काम करने वाले किशोर ने पार्षद के पुराने सिम को अपनी दादी की आईडी से एक्टिवेट कराया च्वाइस सेंटर में जाकर भोला साहू के यूपीआई नंबर से बदलकर 6 लाख रुपये निकाल लिए आरोपी नाबालिग के खिलाफ छावनी पुलिस ने धारा 318(4) के तहत कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया।

# खैरागढ़ विश्वविद्यालय के चार कलाकारों को नेशनल अवार्ड

**भिलाई, 9 सितम्बर।** ललित कला अकादमी, नई दिल्ली ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त चार कलाकारों- डॉ. गिरिराज शर्मा, रविकांत झा, भास्कर ज्योति गोगोई एवं पुखराम्बन प्रेमचंद्र सिंह के नाम घोषित किए हैं। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब एक ही विश्वविद्यालय से चार कलाकारों को यह सम्मान मिल रहा है। इस उपलब्धि पर प्रख्यात चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन, गुंजन शर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा तथा अकादमी में राज्य से प्रथम बोर्ड सदस्य डॉ. अंकुश देवांगन ने चारों कलाकारों और विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। ललित कला अकादमी की स्थापना



1954 में दृश्य कलाओं के विकास हेतु की गई थी।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने पर निगम ने जुर्माना वसूला



**भिलाई, 9 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर में चालानी कार्रवाई की। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार जोन क्रमांक 01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02, स्मृति नगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए व्यवसायियों पर कुल ?9500 का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग, व्यवसाय स्थल पर गंदगी पाए जाने तथा गीला-सूखा कचरे का पृथक्करण न होने पर तीन प्रतिष्ठानों पर चालान काटा गया। सभी चालान राशि तत्काल जमा कराई गई। इस कार्रवाई में जोन 1 स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं सुपरवाइजर क्रिस्टोफर पाल मौजूद रहे। इसी तरह जोन क्रमांक 02 में गौरव पथ रोड पर प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने पर 10 लोगों से कुल 2100 रु का जुर्माना वसूला गया। साथ ही उन्हें प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाइश दी गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। नागरिकों और व्यवसायियों से अपील है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का पूर्णतः बहिष्कार कर निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव पांडेय ने भी लोगों से अपील की कि घरेलू सामग्री या सब्जी खरीदने जाते समय हमेशा कपड़े या जूट का थैला साथ रखें। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, गौ माता की रक्षा होगी और शहर और भी स्वच्छ बनेगा।

### जनवरी माह में युवाओं को मिलेगा सेना में सेवा का सुनहरा अवसर

**धमतरी, 9 सितम्बर ।** जिले के युवाओं के लिए गौरव का अवसर जल्द ही आने वाला है। भारतीय सेना द्वारा आगामी जनवरी माह में धमतरी जिले में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित किए जाने की संभावना है। इसी संदर्भ में सेना के वरिष्ठ अधिकारी कर्नल अरुण कालिया, मेजर रूबेश कुमार और अधिकारी गोहन सुंदरम ने आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार से सौजन्य मुलाकात की।

बैठक में रैली के सफल आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के युवाओं को देश सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है।

# सर्वधर्म सेवा संस्था ने शुरू किया अन्न बचाओ पखवाड़ा

**भिलाई, 9 सितम्बर।** सर्वधर्म सेवा संस्था ने रविवार को आयोजित बैठक में अन्न बचाओ पखवाड़ा की शुरुआत की। यह अभियान 29 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान संस्था के सदस्य होटलों, विवाह समारोहों व सामाजिक भवनों में जाकर पोस्टर-बैनर के माध्यम से लोगों को भोजन अपव्यय रोकने के लिए जागरूक करेंगे। संस्था का कहना है कि भारत में हर साल लगभग 74-78 मिलियन टन भोजन बर्बाद होता है, जबकि करीब 19 करोड़ लोग भूख और कुपोषण से जूझ रहे हैं। सामूहिक प्रयासों और शासन के सहयोग से अन्न बर्बादी कम की जा सकती है। बैठक में देहदान संकल्प हेतु आशुतोष



सोनी परिवार, मुनीम यादव व सीमा विश्वास को प्रमाणपत्र और डोनर कार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य और समर्थक मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस परेड-26 के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों का चयन

**भिलाई, 9 सितम्बर।** गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अंतर्गत वैशाली नगर महाविद्यालय में महाविद्यालय स्तरीय चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शारीरिक, मानसिक एवं साक्षात्कार परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कड़े प्रतिस्पर्धात्मक दौर के बाद कुमारी गायत्री



सिक्का एवं डोली साहू का चयन किया गया, जो अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यार्थियों का परीक्षण लेफ्टिनेंट महेश कुमार एलेंद्र द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इसी महाविद्यालय की छात्रा कुमारी काजल निषाद ने राष्ट्रीय स्तर तक चयनित होकर कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2025 में सहभागिता की थी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम ने चयनित छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम ने भी चयनित स्वयंसेविकाओं को बधाई देते हुए आगामी चरणों के लिए प्रेरित किया। चयन प्रतियोगिता में सुमन, खुशी सोनी, अनु कर्मकार, हेमा, साक्षी साहू, तेजस सहित कई स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषयक संभाग स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का भव्य आयोजन एस.एन.जी. विद्या भवन, सेक्टर-4, भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम की विधायक ललित चंद्राकर एवं महापौर श्रीमती अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस अवसर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, रंजीता पाटिल,विश्वनाथ पनिग्रही, सहित यातायात अधिकारीगण मौजूद रहे।ग्रामीण विधायक श्री ललित चंद्राकर ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा शिक्षा ही व्यक्ति को सही और गलत की पहचान कराती है। सड़क पर अनुशासन और जीवन में अनुशासन, दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। पढ़ाई के साथ-साथ यदि हम नियमों का पालन करेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों का विकास सुनिश्चित होगा।

# खालसा स्कूल में शिक्षक दिवस पर महापौर ने किया शिक्षकों का सम्मान

**दुर्ग,9 सितम्बर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को खालसा स्कूल में नगर निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गयामहापौर अलका बाघमार ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशा नहीं बल्कि पवित्र दायित्व है। गुरु ही हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि उनका योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव है।महापौर ने आगे कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का मिलन ही किसी विद्यार्थी को पूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करता है। शिक्षक छात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जब विद्यार्थी संस्कारवान बनते हैं, तभी समाज और देश उन्नति की ओर अग्रसर होता है।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, रंजीता पाटिल, अरविंदर खुराना सहित विद्यालय के प्राचार्य, पार्षद, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं।

# राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 11 से भिलाई में

**भिलाई, 9 सितम्बर।** छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 14 सितंबर तक अग्रसेन भवन, सेक्टर-6 में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर के 32 राज्यों से 800 से अधिक प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य जनता को योग के प्रति जागरूक करना और योग को देश-दुनिया में एक प्रमुख खेल




विधा के रूप में स्थापित करना है। उद्घाटन समारोह 11 सितंबर बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे अग्रसेन भवन में होगा। इसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव तथा हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, धमतरी महापौर जगदीश रामू रोहरा, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के सह-राज्य प्रभारी अनूप बंसल और समाजसेवी-उद्योगपति विजय कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहेंगे। समापन समारोह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से संपन्न होगा।

# निगम ने सड़क बाधित करने वाली दुकानों को हटाया




**भिलाई, 9 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई ने सड़क पर अवैध रूप से दुकानें लगाकर आवागमन बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जोन-1 अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर, मॉडल टाउन के सामने चाट, गुपचुप व फल विक्रेताओं द्वारा लंबे समय से सड़क घेरकर दुकानें संचालित की जा रही थीं। इससे आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही थी। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या की शिकायत टी.एल. जनदर्शन में की थी। दुकानदारों को कई बार स्वयं दुकानें हटाने के लिए कहा गया, किंतु जब उन्होंने अनदेखी की तो निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजीव तिवारी, शशांक सिंह, इमान सिंह कन्नौज, यश मेश्राम, मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, गोकर्ण एवं विष्णु सोनी सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

### राहुल टिकरिहा ने आर्मी जवान के घर लहराया भगवा कार्यकर्ताओं ने दिखाई ताकत

**दुर्ग।** यह मामला उस समय सामने आया जब ईद के अवसर पर दुर्ग जिले में एक आर्मी जवान ने अपने घर पर भगवा झंडा लगाया, जिस पर कुछ पुलिसकर्मियों ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जो अब राजनीतिक और धार्मिक रंग ले चुका है।भाजयुमो का समर्थन-विवाद के जवाब में आज सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जवान के घर पहुंचे। उन्होंने वहां भगवा झंडा फहराया और जवान के समर्थन में नारेबाज़ी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय राम के नारे लगाए और एकजुट होकर गाया किसी का नीला, किसी का पीला, किसी का झंडा लाल है, इस भगवे को रोक सके, वो कौन माई का लाल है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी तरह की कानून व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े।हिंदूवादी संगठनों का विरोध और चेतावनी। इस पूरे घटनाक्रम पर बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



# जामा मस्जिद मजार कमेटी में जश्ने ईद पर सम्मान समारोह आयोजित

**भिलाई, 9 सितम्बर।** सैय्यदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी, भिलाई-तीन में जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी के सिलसिले में रविवार 7 सितम्बर की शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह से पहले कमेटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर भी लगाया गया। दरगाह शरीफ परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में पैगंबर हज़रत मुहम्मद की आमद और उनके संदेश पर विचार व्यक्त किए गए। कमेटी के सदर रुस्तम खान ने स्वागत भाषण में आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि भिलाई-तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह राजपूत ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना समाज निर्माण की दिशा में सराहनीय पहल है। समाजसेवी सुजीत बघेल ने दरगाह परिसर में कौमी एकता की मिसाल को अनुकरणीय बताया। वहीं इमाम हाफिज अकील और स्वास्थ्य विभाग के बीईटीओ सैय्यद असलम ने नबी-ए-पाक की शिक्षाओं को इंसानियत और इंसाफ की राह बताया। इस अवसर पर जोया खान, नजब तबस्सुम, रुहमैशा अहमद और रेहाबा को सम्मानित किया गया और नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही पत्रकारिता व समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले जमील खान, हरगोविंद सिंह, डॉ. नौशाद सिद्दीकी, मोहम्मद फारुक, कदीर रजा, हाफिज नसीम खान, डॉ. असलम, मनीष चंद्राकर और मुहम्मद जाकिर हुसैन का भी सम्मान किया गया।

# रजत जयंती पर धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन 10 सितंबर को

**धमतरी, 9 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आगामी 10 सितम्बर 2025 को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी परिसर में विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और कौशल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित होगा।

लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने के उद्देश्य से यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आईटी, रिटेल, सुरक्षा गार्ड, ऑटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन और सर्विस सेक्टर जैसे विविध क्षेत्रों की प्रतिष्ठित 9 नामी कंपनियां (नियोक्ता) युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शामिल होंगी।

उक्त रोजगार मेले में कुल लगभग 1600 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। यह पद विभिन्न श्रेणियों और योग्यताओं के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे जिले के युवाओं को न केवल रोजगार प्राप्त होगा, बल्कि उन्हें कौशल उन्नयन और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रोत्साहन मिलेगा। रोजगार मेले के दौरान कंपनियों के प्रतिनिधि युवाओं का चयन प्रक्रिया के माध्यम से साक्षात्कार लेंगे तथा योग्य उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर भी प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी बेरोजगार एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेले में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह अवसर युवाओं को प्रदेश की अग्रणी कंपनियों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। कलेक्टर ने आगे बताया कि राज्य शासन का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत् प्रयास करना है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रजत जयंती वर्ष को ''युवा सशक्तिकरण वर्ष'' के रूप में भी विशेष महत्व दिया गया है जिला प्रशासन ने रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली हैं।प्रतिभागियों के लिए पंजीयन की व्यवस्था स्थल पर ही की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न काउंटर स्थापित कर युवाओं को कंपनियों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।रोजगार मेला न केवल बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि जिले की आर्थिक प्रगति और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने सभी युवाओं से अनुरोध किया है कि वे इस रोजगार मेले का लाभ अवश्य उठाएँ और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ।

### जिला प्रशासन ने अवैध रेत परिवहन करते 8 से अधिक वाहन जब्त किए

**धमतरी, 9 सितम्बर ।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया गया है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में राजस्व विभाग, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीमों ने 6-7 की दरम्यानी रात में जिले में अवैध रेत परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसी है। यह कार्रवाई जिले के दोनर और सेलदीप में की गई है और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। खनिज अधिकारी श्री एच.डी भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज एवं खान विकास अधिनियम के अंतर्गत अवैध रेत परिवहन पर 8 (आठ) हाईवा अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। उक्त हाईवा कंपोजिट बिल्डिंग धमतरी में अभिरक्षा में रखा गया है।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अवैध खनन, रेत के अवैध भंडारण और परिवहन जैसे कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एक नजर



## जिला प्रशासन ने दिवंगत कर्मचारी के परिवार को सौंपा अनुग्रह राशि का चेक

**बलौदाबाजार,9 सितम्बर।** संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ संतोष पैकरा सहायक ग्रेड-3 का आकस्मिक मृत्यु रविवार को हो गई थी। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर अवधराम टण्डन ने सोमवार को मृतक कर्मचारी की धर्मपत्नी श्रीमती बृहस्पति पैकरा के निवास स्थान पहुंचकर 50 हजार रूपये की अनुग्रह सहायता राशि का चेक सौंपा। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को दुःख की इस घड़ी को सहन करने ढांढस बंधाया। इस दौरान जिला नाजिर शिवकुमार सोनी एवं शोकाकुल परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने की खाद भंडारण व वितरण की समीक्षा

**बलौदाबाजार, 9 सितम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं अन्य सम्बधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की। उन्होंने जरुरत अनुसार किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने एवं छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में तेजी से पंजीयन कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक में भण्डारित उर्वरक को समितियो में पहुंचाएं एवं जरूरत के अनुसार किसानों को खाद उपलब्ध कराएं। उन्होंने वर्तमान में धान खेती की स्थिति एवं अनावरी रिपोर्ट के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होने छूटे हुए किसानो का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन तहसीलदार, पटवारी, आरएईओ एवं समिति प्रबंधको से रिपोर्ट लेकर प्रगति की समीक्षा करें।समिति प्रबंधको से फीडबैक लें कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं है। बताया गया कि वर्तमान में 237 टन यूरिया उपलब्ध है एवं आगामी 3 से 4 दिन में करीब 500 मेट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9-10 अक्टूबर को

**राजनांदगांव 9 सितम्बर।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर 2025 को रायपुर में किया गया है। रोजगार मेला में 33 से अधिक निजी कंपनियों द्वारा 6605 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य है। रोजगार कार्यालय में यदि आवेदक पहले से पंजीकृत नहीं हैं, तो पोर्टल पर दिए गए नहीं विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद मोबाईल पर आए ओटीपी के जरिए अपना नाम और जिला भरकर सत्यापन करें। आपको एक आईडी और पासवर्ड मिलेगा, जिसे पहली बार लॉगइन करने के बाद बदलना जरूरी होगा। लॉग इन करने के बाद अपनी प्रोफाईल पूर्ण करें और अपनी योग्यता के अनुसार रिक्तियों का चयन कर आवेदन जमा करें। रोजगार पंजीयन के लिए आपके पास आधार नंबर, आधार से लिंक मोबाईल नंबर और योग्यता से संबंधित जानकारी होनी चाहिए। रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला में ऑनलाईन आवेदन करने के दौरान किसी भी समस्या के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में कार्यालयीन समय में जाकर या दूरभाष क्रमांक 07744-299523 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव 09 सितम्बर 2025।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के चार ग्रामों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम बागद्वार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम शिकारीटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम झिथराटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए एवं ग्राम रियाटोला में में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए है।

## प्लेसमेंट कैंप 17 को

**राजनांदगांव 9 सितम्बर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 17 सितम्बर 2025 को सुबह 9 बजे से विजन् इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कैंपस (सह-समन्वयक) द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। कैम्पस प्लेसमेंट में शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2025 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल के 18 से 26 वर्ष के केवल पुरूष अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा 5 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफके साथ शामिल हो सकते है।

# पात्रता अनुसार हितग्राहियों को खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित हो : शर्मा

### खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने सोमवार को बलौदाबाजार स्थित सर्किट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण के भाग में उल्लेखित पत्रताओ के क्रियान्वयन एवं सभी पात्र हितग्राहियो को खाद्यन्न आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में आयोग की सदस्य ज्योति कश्यप, सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष श्री शर्मा ने बैठक में छत्तीसगढ़ खाद्य एप्प,पोषण सुरक्षा अधिनियम के भाग दो में पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना तथा आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति




विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम, छात्रावास को प्रदाय बीपीएल दर पर खाद्यान्न की पात्रताओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी समिति तथा शिकायत निवारण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

इसके पश्चात् उन्होंने बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कोकड़ी में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र के किचन में साफ-सफाई व्यवस्था उचित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई दुरूस्त करने के संबंध में आगनबाडी कार्यकर्ता को निर्देशित किया।जिला मुख्यालय स्थित पीडीएस दुकान क्रमांक-01 का निरीक्षण किया जिसमे पीडीएस दुकान में सामान्य चावल एवं फोर्टिफाईड चावल को सही क्रम में स्टेकिंग करते हुए उचित भण्डारण करने एवं समय पर दुकान खोलने हेतु उचित मूल्य दुकान संचालक को निर्देशित किया तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित जिला मुख्यालय के भाठागांव में स्थित शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया जिसमें छत्रवास के अधीक्षिकों को साफ-सफाई के संबंध में निर्देशित किया। इस दौरान बसहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज मानिकपुरी, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अतूल परिहार, खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, एवं नागरिक आपूर्ति निगम जिला प्रबंधक भूपेश शर्मा मौजूद थे।

## राजस्व मंत्री ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 सितम्बर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को बलौदाबाजार प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत सकरी में 49.9 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। विकास कार्यों में 16 लाख रुपए की लागत से किसान कल्याण उत्पादक सह समिति कार्यालय का भूमिपूजन एवं 5 लाख रुपए की लागत से गली क्रांकिटीकरण,3 लाख रुपए की लागत से रंगमंच निर्माण (महामाया मंदिर),6.9 लाख रुपए की लागत से योगा शेड का निर्माण,16 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन, 3 लाख रुपए की लागत से रंगमंच भवन निर्माण (बाजार चौक) का लोकार्पण शामिल है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार शहर एवं गांव में विकास कार्य को आगे बढ़ा रही है। जनता से किये गये वायदे को कम समय में ही पूरा किया गया है।

## किसानों को फसल विविधीकरण को अपनाने के लिए जागरूक करने की जरूरत : कलेक्टर

**राजनांदगांव 9 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज फसल विविधीकरण के संबंध में जिला स्तरीय एग्रीमीट कार्यशाला का आयोजन किया गया। फसल विविधीकरण कार्यशाला में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, उद्योग विभाग, बीज निगम, ग्राम पंचायतों सरपंच, औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठन, प्रगतिशील एवं समृद्ध किसान शामिल हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि रबी मौसम में कम पानी के उपयोग वाली फसलों का उत्पादन करेंगे, तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति से एक स्थायी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि धान की फसल में सर्वाधिक पानी का उपयोग होता है। जिसके कारण जिले में भू-जल स्त्रोत का स्तर नीचे चला जा रहा है। इसके लिए किसानों को फसल विविधीकरण के संबंध में पाम्पलेट बनाकर किसानों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग के मैदानी अमले को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में शत प्रतिशत फसल विविधीकरण होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में फसल विविधीकरण संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को जागरूक करने कहा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि रबी मौसम में धान की फसल लेने से जिले में जल स्तर कम होने का महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण बहुत सारे फसलों का विकल्प है, लेकिन धान के बदले अन्य लाभकारी फसल मक्का एवं अन्य दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसल का उत्पादन करेंगे तो किसानों को ज्यादा फायदा मिल सकता है। इसके लिए किसानों को जागरूक करने कहा। उन्होंने जिन स्थानों में पिछले वर्ष धान की खेती की गई थी, वहां पर मक्के की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। मक्के की खेती करने से किसानों को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मक्का फसल लेने से किसानों की आय बढ़ेगी और फसल उत्पादन में पानी भी कम लगेगा। उन्होंने कहा कि क्लस्टर में फसल लगाने से बंदर और मवेशियों से सुरक्षा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कोई किसान मक्के की खेती करता है तो उसका शत प्रतिशत मार्केटिंग के लिए सुविधा होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर तुरतुरिया पर्यटन परिसर की साफ-सफाई की गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 सितम्बर।** वनमंडल बलौदाबाजार द्वारा वन मण्डलाधिकरी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में स्वच्छता की पहल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सोमवार को बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत प्रसिद्ध तुरतुरिया पर्यटन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत तूरतिरिया परिसर आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई, कचरे को हटाया गया एवं उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने और परिसर को प्लास्टिक मुक्त धाम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक



सीमित नहीं है, बल्कि समाज एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी एक सच्चे अर्थों में साक्षर व्यक्ति का परिचायक है।ग्राम ठाकुरदिया, पैरागुड़ा, खुडमुड़ी, बफरा एवं बिंभौरी के ग्रामीणों को तुरतुरिया धाम की महत्ता एवं इसके भविष्य को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु जागरूक किया गया।इस स्वच्छता अभियान में वन विभाग के परिक्षेत्र बारनवापारा, कोठारी एवं बल्दाकछार के परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी, बारनवापारा विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी, तुरतुरिया पर्यटन प्रबंधन समिति के सदस्य एवं आसपास के ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी शजीवन लाल साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल राहुल उपाध्याय, अतुल तिवारी, सुश्री दीक्षा पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जयकिशन यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी बारनवापारा के दुर्गेश कुमार वर्मा सहित विभाग के समस्त कर्मचारी एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत योजना से मिला नया जीवन

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सरकार की पहल से आज गंभीर बीमारियों से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल रहा है। भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रही है। इसी योजना से जशपुर जिले के पुरानी टोली निवासी वीरेंद्र खाखा (46 वर्ष) को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निजात मिली। वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते हैं और मजदूरी कर घर चलाते हैं। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं, ऐसे में महँगे इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं था। लेकिन आयुष्मान कार्ड की मदद से उनका पूरा इलाज जिला अस्पताल जशपुर में निशुल्क हुआ। आज वे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं।

# जिले के निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने की कवायद शुरू

### कलेक्टर ने ली निजी अस्पताल संचालकों की बैठक

**बलौदाबाजार, 9 सितम्बर।** जिले में आम नागरिकों की बेहतरी के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत इम्पैनल अस्पतालों की संख्या में बढ़ोतरी के प्रयास शुरू कर दी गई है ।कलेक्टर दीपक सोनी ने आज जिले के निजी अस्पतालों संचालकों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्री सोनी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आयुष्मान कार्ड योजना बहुत लाभकारी है इसलिए जिले के ज़्यादा से ज़्यादा पात्र निजी




अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत इम्पेनल किए जाने की ज़रूरत है ।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र निजी अस्पतालों के इंपेनलमेंट में आ रही तकनीकी समस्याओं का जल्द समाधान करें ताकि इम्पेनल होने के पश्चात नागरिकों को इलाज में मदद मिल सके।

सीएमएचओ डॉ आर. के.अवस्थी ने बताया कि वर्तमान में जिले के 14 निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत इंपैनल किये जा चुके हैं।इनकी संख्या बढ़ाने हेतु कार्यवाही जारी है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी कर्मचारी सहित निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# परमात्मा से सदैव विवेक जागृत रहने की प्रार्थना करें : मनीष सागरजी महाराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 9 सितंबर।** उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी परम पूज्य श्री मनीष सागर जी महाराज साहब ने कहा कि हमेशा विवेक जगृति रहना चाहिए। अपने अतीत के कुसंस्कारों से अपने वर्तमान के विवेक को लड़ाना है। विवेक यदि शक्तिशाली होगा तो अतीत के कुसंस्कारों को हरा देगा। क्रोध आ भी जाए तो विवेक ही हमें रोकेगा। पुण्य का उदय अधिक ना हो तो चलेगा, लेकिन सदैव विवेक जागृत रहना चाहिए।

टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भगवंत ने कहा कि

परमात्मा से बस एक ही प्रार्थना करना कि मेरा विवेक जागृत रहे। पाप का उदय हो और विवेक जागृत हो तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। पुण्य का उदय हो और विवेक जागृत नहीं है तो सब कुछ ठीक होकर भी कुछ नहीं बचेगा। ना पाप के उदय से बचने की कामना करो। ना पुण्य के उदय की प्राप्ति की कामना करना है। परमात्मा से कामना बस विवेक जागृत होने की करना है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हर व्यक्ति के पास जीवन में दो रास्ते हैं। पहला गुणों का विकास करो। दूसरा दोषों का विनाश करो। हमें गुणों का विकास ही करना है। दोष जाएंगे तभी गुण आएंगे।वस्तु का त्याग कर गुणों को नहीं बढ़ा सकते। उपवास करते हैं तो वस्तु का त्याग करते हैं। वस्तु का त्याग करने को ही साधना मान बैठे हैं। वस्तु का त्याग तो कर देते हैं लेकिन आसक्ति का त्याग नहीं कर पाते। राज व द्वेष का त्याग नहीं हो पता। सही मायने में आसक्ति का त्याग करना चाहिए।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि धर्म का संबंध आहार के त्याग से नहीं है। धर्म तो आसक्ति के त्याग से होता है।वस्तु नहीं दोष को घटाओ, तभी गुण बढ़ेंगे।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 12 तक

**हॉकी, योगा एवं गतका खेल में सभी संभागों से खिलाड़ी होंगे शामिल**

**राजनांदगांव 09 सितम्बर।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 12 सितम्बर 2025 तक राजनांदगांव शहर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 सितम्बर 2025 को सुबह 10 बजे अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व उपाध्यक्ष कृषि ऊपज मंडी समिति राजनांदगांव श्री कोमल सिंह राजपूत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी श्री सौरभ कोठारी, श्री प्रशांत गुप्ता, श्री सुमीत सिंह भाटिया उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में हॉकी (बालक व बालिका 19 वर्ष), योगा (बालक व बालिका 14,17,19 वर्ष) एवं गतका (बालक / बालिका 17,19 वर्ष) खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा, रायपुर एवं मेजबान दुर्ग के लगभग 650 प्रतिभागी, अधिकारी, कोच, मैनेजर शामिल होंगे। प्रतियोगिता में खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम एवं दिग्विजय स्टेडियम में किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा खेल प्रेमी जनता से प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया

**बलौदाबाजार,9 सितम्बर।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे के नेतृत्व में केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य निर्माण के रजत जयंती समारोह के परिपेक्ष्य में 8 सितम्बर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों




ने श्रेष्ठ स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसके साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को उल्लास शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी छात्र-छात्राएं स्वयंसेवी शिक्षक बनकर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने में अपना योगदान दे। पूर्ण साक्षर होने पर ही राष्ट्र पूर्ण विकसित बनेगा। राज्य शासन की महती योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। नगर पालिका अध्ययक्ष अशोक जैन ने कहा कि साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सभी अपनी सहभागिता निभाएं। इसी प्रकार स्वच्छता पर आधारित गतिविधियां निरंतर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट-गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल ,शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर एस.एम. पाध्ये ने भी सम्बोधित किया।

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कार्ययोजना तैयार कर लगाएं स्वास्थ्य शिविर : कलेक्टर

### अपात्र आवेदनों में करें कारण उल्लेखित, पात्र आवेदनों का करें निराकरण

**मोहला 09 सितम्बर।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कार्ययोजना तैयार कर टीबी,कुष्ठ रोग एवं सिकलसेल जैसे बीमारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनो के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड जैसे विभिन्न आवेदनों की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों के अपात्र आवेदनों के कारणों को उल्लेखित करने एवं पात्र आवेदनों के निराकरण करने




के निर्देश दिए। इसी तरह सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने ई-ऑफिस क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की। उन्होंने विभागों द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले विभागों को शोकॉस नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जनपद सीईओ को जिले के ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा नियमित मॉनिटरिंग करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने धान खरीदी केंद्र व संग्रहण केंद्र के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नें संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी करने वाले समितियों के सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खाद वितरण की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशाङ्कनिर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को रजत जयंती वर्ष के संबंध में विभागीय कार्ययोजना एवं तैयारियों की जानकारी भी ली।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री दुकालू राम ध्रुव सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# पंचायतों से पलायन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाएं: कलेक्टर

**जशपुरनगर, 9 सितंबर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारियों की समीक्षा करते हुए पलायन पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा, जिसके तहत काम के लिए बाहर जाने वालों की पूर्ण जानकारी संकलित कर उनके कल्याण के लिए योजना निर्माण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायतों में पलायन पंजी नियमित रूप से संधारित करने को कहा, ताकि किसी भी व्यक्ति को बाहर के राज्य में यदि कोई समस्या हो तो उन्हें त्वरित राहत उपलब्ध कराई जा सके और बंधुआ मजदूरी जैसी परिस्थिति से लोगों को बचाया जा



सके। पंजी में श्रमिक का नाम, दूरभाष नं., गंतव्य पूर्ण पता, नियोक्ता की जानकारी दर्ज अवश्य करवाने को कहा।

उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को जिले में वित्तीय समावेशन को तीव्र गति से संचालित करते हुए प्रत्येक ग्राम के शत प्रतिशत लोगों को बैंकिंग सेवाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए बैंकों की शाखाओं को खोलने के लिए ऐसे ग्राम जहां आस पास बैंक नहीं है उन्हें चिन्हित करने को कहा। उन्होंने एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए शासन की हितग्राहीमूलक योजना जैसे मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना आदि का युवाओं को लाभ देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों को केसीसी द्वारा अल्पकालीन ऋण प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को खदान नियमों के उल्लंघन की नियमित जांच कर उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेत खदानों से अवैध तरीके से रेत निकालने वालों पर कार्रवाई करने एवं अवैध परिवहन रोकने को कहा।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट का सही आदेश

सुप्रीम कोर्ट को कई बार ऐसा संतुलित आदेश देना पड़ता है कि दोनों पक्ष खुश हो जाएं कि सुप्रीम कोर्ट ने मेरे पक्ष में फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मेरे साथ न्याय किया है। नहीं तो अक्सर ऐसा होता है कि सुप्रीम कोर्ट जब कोई फैसला करता है या आदेश देता है तो उससे एक पक्ष खुश होता और दूसरा पक्ष नाराज होता है कि सुप्रीम कोर्ट ने मेरे साथ न्याय नहीं किया। बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) की प्रक्रिया जारी है। इसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। एक पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि चुनाव आयोग को आदेश दिया जाए कि आधार को भी एक दस्तावेज के रूप में मान्य किया जाए और दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आदेश दिया है कि वह औपचारिक नोटिस जारी कर यह स्पष्ट करे कि वोटर लिस्ट में नाम जोडऩे या हटाने के लिए आधार भी एक दस्तावेज के रूप में मान्य होगा। ज्ञात हो कि इससे पहले चुनाव आयोग 11 पहचान पत्रों को नाम जोडऩे या हटाने के लिए मान्यता देता था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आधार कार्ड 12 पहचान पत्र माना जाएगा। यहा पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉयमाला बागजी की पीठ ने यह साफ कर दिया है कि आधार कार्ड केवल निवास का प्रमाण है, यह नागरिकता का सबूत नहीं है। चुनाव आयोग को यह हक रहेगा कि वह आधार की प्रामाणिकता की जांच करे ताकि नाम जुड़वाने व हटाने के लिए कोई फर्जी आधार कार्ड का उपयोग न कर सके। सुप्रीम कोर्ट का साफ कहना है कि एक भी अवैध व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे साफ है कि चुनाव आयोग जो चाहता था वही सुप्रीम कोर्ट भी चाहता है कि मतदाता सूची शुध्द होनी चाहिए। इसी तरह राजनीतिक दल मांग कर रहे थे कि आधार को मान्यता दी जाए तो यह मांग सुप्रीम कोर्ट ने मान ली है और कोई अवैध व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में शामिल न करा सके इसके लिए आधार जांच का हक चुनाव आयोग को दे दिया है। यानी किसे मतदाता सूची में शामिल करना है किसे नहीं करना है यह फैसला अब चुनाव आयोग करेगा।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा, लेकिन फिर भी आप अपने कामों पर फोकस बनाने की पूरी कोशिश करेंगे। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी और आप किसी की कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले, क्योंकि आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। आपके आपसी रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपको अपने नौकरी से संबंधित कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आप अपनी माताजी से काम को लेकर कोई सलाह मशवरा कर सकते हैं। भाई-बहन को आप कहीं बाहर लेकर जा सकते हैं। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपने जीवनसाथी की फरमाइश पर उनके लिए कुछ नए कपड़े, ज्वेलरी आदि के खरीदारी भी कर सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। किसी नए काम की आप शुरुआत कर सकते हैं, जिसके लिए आपको कोई लोन भी आसानी से मिल जाएगा। आप अपने पैरों से संबंधित समस्या को लेकर परेशान रहेंगे। आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना होगा, तभी वह दूर होगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप परिवार में किसी सदस्यों की बात को लेकर परेशान रहेंगे। नौकरी में बदलाव की आप योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई-लिखाई में कम लगेगा, जिससे बाद में समस्या शुरू हो जाएंगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से काम करना बेहतर रहेगा। काम को लेकर कुछ नई समस्याएं सामने आएंगी। आपको कार्यक्षेत्र में सीनियरों पूरा साथ मिलेगा। आप बिजनेस में कुछ नई चीजों को भी शामिल कर सकते हैं और आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा, जिससे आप किसी कठिन से कठिन काम को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। जीवनसाथी से चल रहे मतभेद को आपको बातचीत के जरिए दूर करना होगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी नन्हे मेहमान का आगमन हो सकता है। आपका धन यदि कहीं डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। तकनीकी समस्याओं के कारण आप थोड़ा टेंशन में आ सकते हैं। आप जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके कुछ बढ़ते खर्चा आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए कामों में सफलता लेकर आने वाला है, लेकिन शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि वह किसी गलत जगह इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपकी किसी नए वाहन खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपको अपनी आय को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है और आर्थिक दृष्टिकोण से भी दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने बिजनेस को लेकर यदि कुछ परेशान चल रहे थे, तो काफी वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी से पार्टनरशिप में पड़ सकते हैं। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या है, तो उसके लिए आप अपने सीनियर से बातचीत अवश्य करें। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। आप अपने बॉस की बातों से काफी खुश रहेंगे। आप किसी अतिथि के घर मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपको किसी काम को लेकर अत्यधिक थकान का अनुभव होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा और आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आप अपने कामों को लेकर पूरी सजगता दिखाएंगे और उन्हें पूरा करके ही दम लेंगे, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से किसी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आपको कुछ समय बताने का मौका मिलेगा, जिससे आपके साथ चल रहे वाद विवाद को भी दूर करने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा और भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से नई पहचान मिलेगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने गुस्से को कंट्रोल करके चलने की आवश्यकता है। आपको अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देना होगा और वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको अपने कामों में तालमेल बनकर चलना होगा। सरकारी कामों में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे और आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

# बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं, एक वैश्विक चुनौती-रोकथाम की सख्त आवश्यकता

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता की प्रगति के साथ -साथ मानसिक,सामाजिक और आर्थिक जटिलताएँ भी बढ़ती गई हैं। इन्हीं जटिलताओं से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है,आत्महत्या। यह केवल किसी व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं होता,बल्कि इसके पीछे सामाजिक़ मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों का गहरा प्रभाव होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करके अपनी जान गंवाते हैं, जिसका अर्थ है कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता हैँ। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं,बल्कि वैश्विक संकट है। जिसका समाधान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मिट बुलाकर करना समय की मांग है। बता दे भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है। यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है,जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10 पर्सेंट की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्य योजना और बहु- क्षेत्रीय सहयोग शामिल है।यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या क्या है और क्यों की जाती है? किस देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या होती है?इसको समझने की करें तो, आत्महत्या का सामान्य अर्थ है, व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपनी जान लेना। यह निर्णय किसी क्षणिक आवेग का नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले मानसिक और सामाजिक दबाव का परिणाम होता है। डब्लूएचओ की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में से लगभग 77 पर्सेंट लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों से होते हैं,जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सीमित होती हैं और सामाजिक कलंक के कारण लोग मदद माँगने से कतराते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारणों में डिप्रेशन,बाइपोलर डिसऑर्डर, सिज़ोफ्रेनिया, नशे की लत, तथा सामाजिक अलगाव प्रमुख हैं। इसके अलावा रिश्तों में असफलता, बेरोजगारी, आर्थिकW तंगी,घरेलू हिंसा और युवाओं पर शिक्षा व करियर का दबाव भी आत्महत्या के प्रमुख कारक हैं।वैश्विक स्तर परआत्महत्या की दर हर देश में अलग-अलग है।डब्ल्यूएचओ की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि लिथुआनिया दक्षिण कोरिया,रूस, गुयाना और जापान जैसे देशों में प्रति 1 लाख आबादी पर आत्महत्या दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, लिथुआनिया में यह दर लगभग 25.7 प्रति 1 लाख है, जबकि दक्षिण कोरिया में लगभग 20.2 प्रति 1 लाख। वहीं भारत और चीन जैसे देशों में कुल आत्महत्याओं की संख्या सबसे अधिक है,क्योंकि यहाँ जनसंख्या बहुत बड़ी है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरब) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 1.64 लाख से अधिक आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, यानें हर दिन औसतन 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दैनिक वेतन बोगियों, छात्रों और किसानों की है। जापान में आत्महत्या लंबे समय से सामाजिक समस्या रही है,जहाँ हर साल लगभग 20,000 से अधिक लोग जीवन समाप्त कर लेते हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती होने की करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत समस्या मानना उचित नहीं है।डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी) के विशेषज्ञ मानते हैंकि आत्महत्या दरअसल मानसिक,सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का परिणाम है।2021 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के पीछे गरीबी, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा का अभाव जैसी समस्याएँ भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।युवाओं मेंआत्महत्या की दर विशेष रूप से चिंताजनक है।15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। डिजिटल युग में साइबर बुलिंग, ऑनलाइन दबाव और सोशल मीडिया की अवास्तविक अपेक्षाएँ भी युवाओं को आत्महत्या की ओर धकेल रही हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या रोकने के उपायों की करें तो शोध और डेटा संग्रह आत्महत्या रोकथाम की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। डब्लूयुएचओ की "मेन्टल हेल्थ अटलस 2020" रिपोर्ट बताती है कि दुनियाँ के 80 पर्सेंट से अधिक देशों में आत्महत्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है या अधूरा है। इससे नीतियों का निर्माण कठिन हो जाता है। आईएएसपी लगातार इस दिशा में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने आत्महत्या रोकथाम पर व्यापक शोध कियाe है,जिससे यह साबित हुआ है कि कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोसोशल सपोर्ट, हेल्पलाइन सेवाएँ और सामुदायिक सहयोग आत्महत्या रोकने में बहुत प्रभावी हैं।पेशेवरों को प्रशिक्षित करना भी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाँ भर में प्रति 1 लाख लोगों पर औसतन केवल 13 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, जबकि विकसित देशों में यह अनुपात बहुत अधिक है। इस असमानता के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में आत्महत्या रोकथाम चुनौतीपूर्ण बन जाती है। यदि डॉक्टर, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी आत्महत्या के संकेतों को पहचानने और सही समय पर हस्तक्षेप करने में प्रशिक्षित हों, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्याओं को रोकने के लिए शिक्षा और संवाद की आवश्यकता सबसे मजबूत हथियार होने की करें तो, आईएएसपी और डब्लूयुएचओ दोनों ही यह मानते हैं कि सार्वजनिक जागरूकता से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डब्लूयुएचओ की 2022 की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद बढ़ाने से आत्महत्या दर में 20 पर्सेंट तक की कमी लाई जा सकती है।आज भी अधिकांश समाजों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को लेकर सामाजिक कलंक मौजूद है। लोग इस विषय पर बात करने से कतराते हैं।इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित व्यक्ति अकेलेपन और शर्मिंदगी का शिकार हो जाता है। युवाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना और उन्हें यह समझाना कि मदद माँगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस है,अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग सेवाएँ, हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएँ शुरू करना उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया और जापान ने स्कूल स्तरपरमानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की है, जिससे आत्महत्या की दर कम करने में मदद मिली है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या की रोकथाम के वैज्ञानिक और सामाजिक उपायों की करें तो,आत्महत्या रोकथाम के लिए बहुआयामी उपाय आवश्यक हैं।डब्ल्युयुएचओ की "लाइव लाइफ" रणनीति (2021) में चार प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं (1) हानिकारक साधनों की उपलब्धता को कम करना (जैसे कीटनाशक, आग्नेयास्त्र,दवाइयाँ), (2) मीडिया रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार दिशानिर्देश बनाना,(3) किशोरों और युवाओं में सामाजिक व भावनात्मक कौशल विकसित करना,(4) जल्दी पहचान और सहायता उपलब्ध कराना।इन उपायों से आत्महत्या की दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, श्रीलंका ने कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाकर आत्महत्या की दर को 70 पर्सेंट तक घटा दिया। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने हेल्पलाइन और काउंसलिंग सेवाओं का विस्तार करके आत्महत्या रोकथाम में सफलता प्राप्त की हैँ।

साथियों बात अगर हम इसका रोकथाम दिवस मनाकर इसपर जबरदस्त नियंत्रण की करें तो,10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है,आत्महत्या की समस्या वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है।डब्लूएचओ, आईएएसपी और यूएन लगातार आत्महत्या रोकथाम पर काम कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।भविष्य की दिशा यह होनी चाहिए कि सभी देश आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाएँ। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके एआई आधारित हेल्पलाइन, 24X7 ऑनलाइन काउंसलिंग, मोबाइल एप्स विकसित किए जाएँ, ताकि संकट की घड़ी में लोग तुरंत मदद पा सकें। इसके अलावा आत्महत्या के प्रयास करने वालों को अपराधी मानने की बजाय रोगी समझा जाए और उन्हें उचित चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाए।

अतः अगर हम अपने पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस प्रकार, आँकड़ों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के आधार पर यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि एक जटिल सामाजिक और वैश्विक चुनौती है। इसके समाधान के लिए सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, समुदायों और परिवारों को मिलकर काम करना होगा।

# जीत एनडीए की तय, पर असली जंग विपक्ष की एकजुटता तोड़ने की

**अजय कुमार,**



भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति चुनाव हमेशा औपचारिकता भर लगते हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ पक्ष आम तौर पर आंकड़ों के बल पर बाजी मार लेता है। लेकिन इस बार 9 सितंबर 2025 को होने जा रहा चुनाव महज जीत-हार तक सीमित नहीं है। असली लड़ाई जीत के अंतर को बढ़ाने और विपक्ष की एकजुटता को कमजोर करने की है। यही कारण है कि सत्ता और विपक्ष, दोनों खेमों ने अपनी-अपनी रणनीतियों को आक्रामक बनाया है। एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन उम्मीदवार हैं और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा है और चुनाव को वैचारिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन पूरे माहौल में सबसे ज्यादा चर्चा समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई फोन कॉल को लेकर है, जिसने क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं पर नई बहस छेड़ दी है। 6 सितंबर को राजीव राय का जन्मदिन था। इस मौके पर अमित शाह ने उन्हें फोन कर बधाई दी। यह कॉल सतह पर तो शिष्टाचार लग रही थी, लेकिन इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक हलकों में सवाल उठने लगे। वीडियो में राजीव राय हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी उम्र को लेकर मजाक करते नजर आए, जिसे यूपी-बिहार की राजनीति में नेताओं की उम्र पर चलने वाली चुटकियों से जोड़कर देखा गया। पर असली महत्व इस कॉल की टाइमिंग और संदर्भ का था। उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले हुई इस बातचीत ने विपक्षी खेमे की बेचैनी बढ़ा दी। राय ने सफाई दी कि यह रिकॉर्डिंग उनके किसी कार्यकर्ता ने की और अनजाने में व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दी। बावजूद इसके, यह सवाल बना रहा कि क्या अमित शाह का यह कदम केवल शिष्टाचार था या फिर किसी गहरी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा। राजीव राय का राजनीतिक सफर भी इस बहस को और दिलचस्प बनाता है। 2024 लोकसभा चुनाव में उन्होंने घोसी सीट से एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर को हराया और सपा के लिए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। उन्हें अखिलेश यादव का करीबी और रणनीतिकार माना जाता है। दिलचस्प यह भी है कि उनकी जीत में बीजेपी के परंपरागत वोटरों का योगदान माना गया था। ऐसे में सत्ता पक्ष से तालमेल बनाए रखना उनके लिए व्यावहारिक राजनीति हो सकती है। यही कारण है कि यूपी-बिहार के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि सपा के कुछ सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के पक्ष में वोट डाल सकते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि सपा के 3 से 5 सांसद क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं, खासकर वे जिनके क्षेत्र में बीजेपी का प्रभाव मजबूत है उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 781 सांसदों को वोट डालना है, लेकिन 6 सीटें खाली हैं, इसलिए निर्वाचक मंडल में 775 वोट होंगे। जीत के लिए 388 वोट की जरूरत है। एनडीए के पास पहले से ही 439 वोटों का मजबूत आधार है। इसमें बीजेपी के 240 लोकसभा और 95 राज्यसभा सांसदों के अलावा जेडीयू के 12, टीडीपी के 16, शिवसेना के 7 और अन्य सहयोगियों के वोट शामिल हैं। यानी राधाकृष्णन की जीत तय है। इसके विपरीत इंडिया गठबंधन के पास 324 वोट का अनुमान है। इसमें कांग्रेस के 99 लोकसभा और 26 राज्यसभा सांसद, सपा के 37, टीएमसी के 29, डीएमके के 22 और आम आदमी पार्टी के 10 सांसद शामिल हैं। हालांकि 18 सांसद ऐसे हैं, जिनका रुख अब तक साफ नहीं है। इनमें बीजेडी के 7, बीआरएस के 4, अकाली दल का 1, जेडपीएम का 1, वीओटीटीपी का 1 और 3 निर्दलीय सांसद शामिल हैं। चुनाव गुप्त मतदान और एकल हस्तांतरणीय वोट प्रणाली से होता है। इसमें सांसदों को प्राथमिकता अंकित करनी होती है और गलत वोटिंग से मतपत्र रद्द हो सकता है। यही कारण है कि क्रॉस वोटिंग की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। इस बार भी यही स्थिति है। बीजेपी ने अपने सांसदों के लिए प्रशिक्षण सत्र कराए हैं ताकि कोई वोट अमान्य न हो और 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। एनडीए की रणनीति साफ है सिर्फ जीतना नहीं बल्कि भारी अंतर से जीतकर विपक्ष को यह संदेश देना कि उसकी एकजुटता महज कागजी है।एनडीए के वरिष्ठ नेता विपक्षी सांसदों और निर्दलीयों से सीधे संपर्क साध रहे हैं। अमित शाह और राजनाथ सिंह व्यक्तिगत तौर पर कई सांसदों से बातचीत कर चुके हैं। वाईएसआरसीपी, जिसके पास 11 सांसद हैं, पहले ही संकेत दे चुकी है कि वह विपक्ष का साथ नहीं देगी। 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में भी वाईएसआरसीपी ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया था। बीजेडी भी अतीत में एनडीए को समर्थन देती रही है और इस बार भी संभावना इसी की है। बीआरएस के 4 सांसद और कुछ निर्दलीय भी एनडीए के खेमे में जा सकते हैं। इन हालात में विपक्ष की मुश्किलें और बढ़ती दिख रही हैं। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन इस चुनाव को वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि यह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सवाल है। उन्होंने बी. सुदर्शन रेड्डी को इस रूप में पेश किया है कि वे संविधान की आत्मा की रक्षा करेंगे। कांग्रेस ने अपने सांसदों को एकजुट रखने के लिए रणनीतिक बैठकें और मॉक पोल कराए हैं। हर 15 सांसदों पर एक समन्वयक नियुक्त किया गया है। लेकिन गठबंधन की एकजुटता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का डिनर कार्यक्रम बाढ़ की वजह से रद्द हो गया, जिससे असंतोष की खबरें आईं। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, जिससे विपक्षी खेमे का मनोबल प्रभावित हुआ है।कांग्रेस के कुछ सांसदों पर भी क्रॉस वोटिंग की आशंका जताई जा रही है, खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में जहां बीजेपी का दबदबा है। हालांकि 2022 में कांग्रेस के सांसदों ने ऐसा नहीं किया था और विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को एकजुट होकर वोट दिया था। लेकिन इस बार माहौल अलग है। समाजवादी पार्टी पर नजरें सबसे ज्यादा हैं, क्योंकि उसके कुछ सांसदों के क्रॉस वोटिंग करने की चर्चा जोरों पर है। राजीव राय जैसे नेता, जिनका व्यवसाय भी फैला हुआ है, सत्ता पक्ष से संबंध बनाए रखना चाहेंगे। क्रॉस वोटिंग भारतीय संसदीय राजनीति में नई बात नहीं है। 2017 में वेंकैया नायडू को 516 वोट मिले थे, जबकि एनडीए की आधिकारिक संख्या इससे कम थी। 2022 में जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे, जो एनडीए की ताकत से कहीं ज्यादा था। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी और बीआरएस की भूमिका रही। लोकसभा स्पीकर चुनाव 2019 में भी ओम बिरला को ऐसे ही अतिरिक्त वोट मिले थे। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि गुप्त मतदान में व्यक्तिगत समीकरण और सत्ता पक्ष की लॉबिंग अहम होती है।अमित शाह का राजीव राय को फोन कॉल इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सत्ता पक्ष ने यह साफ कर दिया है कि वह विपक्षी सांसदों से भी व्यक्तिगत संपर्क साधने से पीछे नहीं हटेगा। भले ही जीत पहले से तय हो, लेकिन इस जीत का अंतर विपक्ष की साख को कमजोर करेगा। अगर सपा या अन्य विपक्षी दलों से क्रॉस वोटिंग होती है, तो इंडिया गठबंधन की संगठनात्मक कमजोरी उजागर होगी। बीजेपी इसे अपनी रणनीतिक क्षमता और विपक्ष को तोड़ने की ताकत के रूप में प्रचारित करेगी। यह उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 का असली संदेश भी है। आंकड़ों की बाजीगरी से परे यह चुनाव सत्ता और विपक्ष की ताकत, संगठन और रणनीति की परीक्षा है। एनडीए भारी बहुमत से जीतकर यह दिखाना चाहता है कि विपक्ष की एकजुटता खोखली है। वहीं, विपक्ष इस चुनाव को वैचारिक रंग देकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाहता है।

# क्या आपकी 'हेल्दी' ग्रीन टी बन रही है शरीर के लिए जहर

ग्रीन टी में कैफीन और कुछ अन्य तत्व सीमित मात्रा में फायदेमंद होते हैं। लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत पर नकारात्मक असर डाल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रोजाना ग्रीन टी पीने के नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं। आजकल लोग ग्रीन टी को हेल्दी ड्रिंक मानकर अपनी डाइट का हिस्सा बना रहे हैं। मेटाबॉलिज्म सुधारने, वजन कम करने और बॉडी डिटॉक्स के लिए ग्रीन टी को फायदेमंद ड्रिंक के रूप में जाना जाता है। यही कारण है कि लोग सुबह की चाय या कॉफी की जगह कई लोग ग्रीन टी का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह हेल्दी मानी जाने वाली ग्रीन टी यदि रोजाना अधिक मात्रा में पी जाती है, तो यह आपके शरीर के लिए नुकसानदेह भी हो सकती है। ग्रीन टी में कैफीन और कुछ अन्य तत्व सीमित मात्रा में फायदेमंद होते हैं। लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत पर नकारात्मक असर डाल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रोजाना ग्रीन टी पीने के नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आयरन की कमी**-जिन लोगों के शरीर में पहले से आयरन की कमी होती है, उनके लिए ग्रीन टी नुकसानदायक साबित हो सकती है। ग्रीन टी शरीर में आयरन के अवशोषण को कम कर देता है। यानी की खाने से मिलने वाला आयरन सही तरीके से खून तक नहीं पहुंच पाता है। जिस कारण एनीमिया की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक इसका असर कमजोरी, थकान और बाल झड़ने जैसी समस्याओं के रूप में आमने आ सकता है।

**बेचैनी और अनिद्रा**-ग्रीन टी में कैफीन पाया जाता है, जोकि एनर्जी देने के साथ लोगों में घबराहट, बेचैनी और नींद की कमी पैदा कर सकता है। अगर आप दिन में कई कप ग्रीन टी पीते हैं, तो नर्वस सिस्टम पर कैफीन का असर पड़ता है और दिल की धड़कन तेज हो सकती है। खासकर रात के समय ग्रीन टी पीने से नींद का पैटर्न बिगड़ सकता है।

**हड्डियों पर असर**-अधिक मात्रा में ग्रीन टी का सेवन करना कैल्शियम की कमी कर सकता है। ग्रीन में कुछ यौगिक ऐसे पाए जाते हैं, जो शरीर से कैल्शियम के बाहर निकालने की प्रक्रिया को तेज कर देते हैं। वहीं लंबे समय तक ऐसा होने पर हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या बढ़ सकती है।

**किडनी और लिवर पर असर**-हालांकि ग्रीन टी को डिटॉक्स ड्रिंक माना जाता है, लेकिन इसका अधिक सेवन लिवर और किडनी पर ज्यादा दबाव डाल सकता है। इसमें मौजूद तत्व जब जरूरत से ज्यादा शरीर में जमा होते हैं, तो यह लिवर इंफ्लेमेशन और किडनी फंक्शन को भी प्रभावित कर सकते हैं। जो लोग पहले से किडनी या फिर लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं, तो डॉक्टर की सलाह पर ही ग्रीन टी पीना चाहिए।

**ब्लड थिनर और ब्लड प्रेशर मेडिसिन**-ग्रीन टी का एक बड़ा साइड इफेक्ट यह है कि यह दवाओं के असर को कम कर सकती है। खासकर जो लोग ब्लड थिनर या फिर ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने की मेडिसिन लेते हैं। ऐसे में ग्रीन टी दवाओं की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसकी वजह से अचानक ब्लीडिंग, क्लॉटिंग या ब्लड प्रेशर में असामान्य बदलाव होने का खतरा बढ़ सकता है।

## सू-दोकू-165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.164 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## एक नजर

### 11 को दिया जाएगा जेम पोर्टल संबंधी प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा, 09 सितंबर।** शासकीय ई-मार्केटिंग प्लेस (जेम) अंतर्गत जिले में दिनाक 11 सितंबर 2025 (गुरुवार), प्रातः 11 बजे, कार्यालय कलेक्ट्रेट के तृतीय तल सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित किया गया हैं। जिसमें जेम (ट्रेनर) श्री राकेश तिवारी द्वारा विभागीय निविदा प्रक्रिया हेतु जेम पोर्टल पर केता के रूप में ऑन बोडिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने. प्रकाशित करने, निविदा खोलने की प्रक्रिया, एमएसएमइएस को विक्रेता रूप में जेम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, उत्पाद कैटलॉग बनाने, निविदा हेतु आवेदन करने से संबंधित जानकारी प्रदान की जायेगी।उक्त कार्यशाला में कार्यालय प्रमुख एवं जेम पोर्टल से संबंधित कार्य करने वाले शाखा प्रभारी तथा इच्छुक उद्यमी एवं वेन्डर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर कार्यशाला का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन 15 तक

**दंतेवाड़ा, 09 सितंबर 2025।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बचेली से जारी विज्ञप्ति अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, डी.के.एस. भवन रायपुर के निर्देश अंतर्गत वर्तमान में बाल विकास परियोजना बचेली में आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम पंचायत भांसी मासापारा, बंगाली कैंप में आंगनबाड़ी सहायिका रिक्त पद पर नियमानुसार पूर्ति किया जाना हैं। इस हेतु संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से दिनांक 08 सितंबर से 15 सितंबर 2025 संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में बंद लिफाफा, डाक या स्वयं के द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक अर्हतानुसार सहायिका पद हेतु 8वीं उत्तीर्ण होना तथा आयु 18 से 44 वर्ष का होना निर्धारित किया गया है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसो में कार्यालयीन समय पर कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना बचेली व महिला एवं बाल विकास विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान

### विभिन्न खनन उपक्रम जिले में वृहद स्तर पर कर रहे हैं पौधरोपण



**दंतेवाड़ा, 9 सितंबर।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के आदेशानुसार राज्य शासन द्वारा संचालित ''एकं पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान'' के तहत जिला दंतेवाड़ा में खनि अधिकारी श्री छबीलेश्वर मौर्य के नेतृत्व में उत्खनिपट्टेदारों के द्वारा जिले में वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित जगहो में वृक्षारोपण किये जाने का लक्ष्य दिया गया था। इस अभियान के परिप्रेक्ष्य में महाप्रबंधक, मेसर्स एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क परियोजना किरन्दुल, महाप्रबंधक, मेसर्स एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बैलाडीला लौह अयस्क परियोजना बचेली, मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमि., सी.एम.डी.सी. दंतेवाड़ा, मेसर्स आरती स्पंज एंड पावर लिमिटेड, रायपुर एवं उत्खनिपट्टेदार मेसर्स विराट मिनरल्स, मेसर्स बजरंग माइन्स एण्ड मिनरल्स, श्री अमन अग्रवाल, श्री टी. रमेश, मेसर्स यू. के. स्टोन पार्ट, श्रीमती त्रिवेणी वर्मा, मेसर्स वर्मा कन्स्ट्रक्शन, किरन्दुल, श्री के. ए. पापाचन के द्वारा जिला दंतेवाड़ा के स्कूलों, पंचायत भवनों, शासकीय कार्यालयों एवं ब्लॉक स्तर के प्रस्तावित जगहों पर कुल 57000 पौधों का वृक्षारोपण कर ''एक पेड़ मां के नाम 20 अभियान'' का सफल पूर्वक क्रियान्वयन किया गया।

# हिमालय की ओर रवाना हुई जशपुर की जनजातीय पर्वतारोहण टीम

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विजन को मिला नया आयाम




**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। जशपुर जिले के पाँच जनजातीय युवा पर्वतारोही हिमाचल प्रदेश स्थित दुहंगन ग्लेशियर क्षेत्र के लिए रवाना हो गए हैं। यह 18 दिवसीय उच्च हिमालयी प्रशिक्षण एवं पर्वतारोहण अभियान केवल साहस और रोमांच का अनुभव ही नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के उस विज़न का हिस्सा है, जिसके तहत उन्होंने जनजातीय युवाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने का संकल्प लिया है। साजन टोप्पो, संजीव कुजूर, प्रतीक एक्का, मनीष नायक और अजीत लकड़ा यह पाँचों युवा जशपुर की जनजातीय पृष्ठभूमि से आते हैं। इनका हिमालय की ओर बढ़ता साहसिक कदम यह साबित कर रहा है कि गाँव और जंगल की मिट्टी से निकले सपने भी दुनिया की सबसे कठिन चोटियों को छू सकते हैं। यह अभियान न केवल जशपुर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणादायी संदेश है कि अवसर और जज़्बा हो तो कोई मंज़िल दूर नहीं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रवाना होने से पूर्व पर्वतारोहण टीम को शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय युवाओं की ऊर्जा और क्षमता को वैश्विक मंच तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। राज्य सरकार के सहयोग और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के मार्गदर्शन से यह अभियान संभव हो पाया है। इस यात्रा में स्पेन, अमेरिका और भारत के विख्यात पर्वतारोही और गाइड टीम के साथ रहेंगे। युवा पर्वतारोही बर्फीली चोटियों, ग्लेशियरों और दुर्गम चट्टानों पर चढ़ाई करते हुए नए पर्वतारोहण मार्गों को तलाशेंगे। यह अनुभव आगे चलकर छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रोफेशनल एडवेंचर स्पोर्ट्स और साहसिक पर्यटन की दिशा में सशक्त करेगा।

यह टीम हिमालय की ऊँचाइयों तक पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत मिशन का संदेश लेकर जाएगी। अभियान की शुरुआत से पहले पर्वतारोहियों ने जशपुर के प्रसिद्ध मधेश्वर धाम में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। यह केवल हिमालय की चढ़ाई नहीं, बल्कि जनजातीय युवाओं की शक्ति, मुख्यमंत्री के विज़न, पर्यावरणीय जागरूकता और रोमांच का संगम है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक प्रेरणा बनेगा कि यदि हौसला बुलंद हो तो न केवल हिमालय, बल्कि सपनों की हर ऊँचाई को छुआ जा सकता है।

## ऑयल पाम खेती: किसानों के लिए स्थायी आय और आत्मनिर्भरता की राह



**रायपुर, 09 सितम्बर।** परंपरागत खेती से सीमित आमदनी पाने वाले किसानों के लिए अब ऑयल पाम की खेती नई उम्मीद लेकर आई है। जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम सोंठी में किसान पुरुषोत्तम शर्मा ने इस फसल को अपनाकर समृद्ध भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाया है।कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की और बताया कि ऑयल पाम एक दीर्घकालिक आमदनी देने वाली फसल है। इसकी विशेषता है कि रोपण के तीसरे वर्ष से उत्पादन शुरू होकर लगातार 25-30 साल तक चलता है। प्रति हेक्टेयर औसतन 20 टन उपज मिलती है, जिससे किसान को हर साल ढाई से तीन लाख रुपये की आमदनी हो सकती है। सरकार किसानों को हर संभव सहयोग दे रही है। ऑयल पाम योजना के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये मूल्य के 143 पौधे निःशुल्क दिए जाते हैं। पौधरोपण, फेंसिंग, सिंचाई और रखरखाव की लागत लगभग 4 लाख रुपये आती है, जिस पर केंद्र से 1.30 लाख और राज्य से 1.29 लाख रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही बोरवेल, पम्प सेट, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, पॉम कटर और ट्रैक्टर ट्रॉली जैसी सुविधाओं पर भी सब्सिडी दी जा रही है।

# ट्रेलर-हाईवा में भिड़ंत ट्रेलर चालक की मौत



**कोण्डागांव, 9 सितंबर।** दहीकोंगा नेशनल हाईवे 30 पर सोमवार की सुबह करीब 7 बजे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने सामने से आ रही हाईवा को टक्कर मार दी, जिससे हाईवा मौके पर ही पलट गई। हादसे के बाद पीछे चल रही 108 एंबुलेंस भी ट्रेलर की चपेट में आ गई। हादसे में एंबुलेंस का स्टाफसुरक्षित रहा, उन्हें किसी भी तरह से कोई चोट नहीं आई। वहीं ट्रेलर चालक गाड़ी में बुरी तरह फँस गया, उसे लोगों और पुलिस की मदद से घंटों की मशक्कत से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान ट्रेलर चालक अनिल जायसवाल निवासी मध्यप्रदेश ने दम तोड़ दिया है।

ज्ञात हो कि नेशनल हाइवे 30 पर बीती रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया था, जिसमें 2 युवकों की मौत हो गई थी, वहीं 12 घण्टे के भीतर ही दूसरी बड़ी घटना दहिकोंगा के पास हुई।

# कलेक्टर ने कन्या व बालक छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा



**कोण्डागांव, 9 सितंबर।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव में स्थित कन्या एवं बालक छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रावासों में सुव्यस्थित कम्प्यूटर कक्ष, स्टडी रूम और डायनिंग रूम की व्यवस्था सहित किचन गार्डन विकसित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने 15 दिवस के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुधारने को कहा। उन्होंने आदर्श पोस्ट मैट्रिक कन्या आदिवासी छात्रावास में अधिक्षक से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और एच बी टेस्ट की जानकारी ली और कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से कम्प्यूटर ज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अधीक्षक से प्लेसमेंट कैंप व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्राओं के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि छात्रावास से सफल होकर निकलने वाले छात्राओं के नाम सूचना पटल में डालें, ताकि अन्य छात्राएं भी उनसे प्रोत्साहित हो सकें। उन्होंने छात्राओं के स्वास्थ्य पंजी का निरीक्षण करते हुए पुनः स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कन्या छात्रावास हेतु पुस्तकालय की व्यवस्था हेतु भी अधीक्षक को निर्देशित किया और छात्राओं को नियमित समाचार पत्र पढ़ने हेतु प्रेरित करने को कहा।

कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए बेहतर प्रकाश व्यवस्था के साथ परिसर को सुव्यस्थित रखने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। पोस्ट मेट्रिक बालक विज्ञान छात्रावास के निरीक्षण के दौरान किचन में गैस कनेक्शन की व्यवस्था और किचन शेड की व्यवस्था के साथ आरओ को ठीक कराने और फिल्टर की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग कृपेन्द्र तिवारी और मंडल संयोजक रोशन सहारे भी उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 09 सितंबर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सही मायने में जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल उपलब्ध करा रही है। परिवार के मुखिया के आकस्मिक निधन होने पर उसके आश्रितों को आर्थिक मदद उपलब्ध कराने में इसकी उपयोगिता सिद्ध है इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के बैंक ऑफ बड़ौद्रा मेटापाल शाखा के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम मेटापाल निवासी मृतक देवा पोड़ियाम की पत्नी श्रीमती सोमड़ी पोडियाम को 2 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई। गौरतलब है कि देवा पोडियाम का निधन 20 मार्च 2025 को हो गया था। इसके चलते उसके परिजनों द्वारा आवश्यक दस्तावेज 21 अगस्त 2025 को बैंक में जमा किए गए थे। जिसके बाद 1 सितम्बर 2025 को बीमा राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। साथ ही इस अवसर पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीमा राशि का डेमो चेक नॉमिनी पत्नी श्रीमती सोमड़ी पोड़ियाम एवं पुत्री पांडो पोड़ियाम को प्रदान किया गया। इसके अलावा अन्य स्व सहायता समूहों को भी बैंक लिंकेज की राशि प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर शिव राम बघेल, डीपीएम बाल नरेश राव, बीपीएम धर्मेंद्र ठाकुर, सरपंच श्रीमती पालो पोड़ियाम, संकुल समन्वयक पोरस बिंजेकर, बीमा सखी निर्मला, बैंक मैनेजर मेटापाल अशोक चौधरी, बैंक स्टाफ समूह की महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पात्र परिवारों को मात्र 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवच उपलब्ध कराती है, जो संकट की घड़ी में सहारा बनती है।

# सौर ऊर्जा से 15 लाख बीपीएल परिवारों को मिलती रहेगी मुफ्त बिजली की सुविधा

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 400 यूनिट की मासिक छूट की सीमा में युक्तियुक्त संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया है।

वर्तमान में राज्य में लगभग 45 लाख घरेलू उपभोक्ता परिवार हैं, जिनमें से 31 लाख परिवारों की मासिक खपत 100 यूनिट से कम है। यह लगभग 70 प्रतिशत उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व करता है। अतः इस संशोधन के बावजूद, इन 31 लाख जरूरतमंद सामान्य एवं कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पूर्ववत मिलता रहेगा। इन 31 लाख परिवारों में 15 लाख बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें पूर्ववत 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी। इसके साथ ही वे हॉफ बिजली बिल योजना के तहत अन्य सभी लाभों से भी यथावत लाभान्वित रहेंगे।

राज्य सरकार प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिमाह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर 30,000 रुपये केंद्र से व 15,000 रुपये राज्य से, कुल 45,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। उपभोक्ता को लगभग 15,000 रुपये स्वयं वहन करने होते हैं। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90,000 रुपये तक कुल सब्सिडी (60,000 केंद्र . 30,000 रुपये राज्य) मिलती है। उपभोक्ता को केवल 30,000 रुपये खर्च करना होता है। 3 किलोवाट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है और इसमें 78,000 रुपये केंद्र .30,000 रुपये राज्य यानी कुल 1,08,000 रुपये की सहायता मिलती है।

# रजत जयंती पर विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने ली नशामुक्ति की शपथ




**बीजापुर 09 सितम्बर।** रजत जयंती समारोह की श्रृंखला में जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बासागुड़ा के पोर्टा केबिन, रेसिडेंशियल स्कूल एवं 100 सीटर हाईस्कूल छात्रावास में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी कुप्रवृत्तियों से दूर रहते हुए शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।

# स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 09 सितंबर।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन के तहत रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आज पोन्दुम ग्राम में भव्य मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य रोग,मेडिसिन अस्थि रोग, चर्म रोग, नेत्र महिला एवं बाल स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, दंत रोग, रक्तचाप, मधुमेह, मलेरिया, टीबी, कुपोषण सहित विभिन्न बीमारियों की जांच एवं परामर्श दिया गया। साथ ही, गंभीर रोगों के संदर्भ में निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके ने कहा कि शासन के मंशा अनुरूप ग्रामीण जनों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, इस तरह शिविर के आयोजन से दूर दराज के ग्रामीण लाभान्वित होंगे क्योंकि ग्राम के समीप ही ग्राम स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच एवं उपचार किया जा रहा है, उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 12 सितंबर 2025 को विकासखंड कटेकल्याण तथा 19 सितम्बर 2025 को विकासखंड गीदम अन्तर्गत बारसूर में शिविर का आयोजन किया जाना है,इस संबंध में जनमानस से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ एवं चिकित्सकीय परामर्श लेवें। इस दौरान गाँव के सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण अंचल के लोगों को बड़ा लाभ मिलता है और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ती है।

# साक्षरता दिवस पर जेल में कैदियों को बताया शिक्षा का महत्व

## रजत जंयती पर किया गया आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 09 सितंबर 2025।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन मे 08 सितम्बर 2025 जिला जेल में परिरुद्ध बंदियों हेतु अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया था। भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्रित योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह आयोजन किया जाना इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

08 सितम्बर 2025 अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों में जिला परियोजना अधिकारी, जिला लोक शिक्षा समिति डॉ. रत्नबाला मोहंती, शिक्षाविद दादा जोकाल उर्फ सिकंदर खान, जनसंपर्क कार्यालय, सुश्री रेणुका सिंह द्वारा अपने संबोधन में जेल में परिरुद्ध बंदियों को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए विस्तार से बताया कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय साक्षरता कार्यक्रम जिला जेल में किया गया है। जीवन में आगे बढने के लिये शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षित होकर ही हम अपने परिवार, समाज एवं देश को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री अलोईस कुजूर द्वारा बताया कि आमतौर पर जेल में नये परिरुद्ध होने वाले लगभग 70 से 80 प्रतिशत बंदी निरक्षर रहते हैं। अतः जेल में विगत कई वर्षों से निरक्षर बंदियों कों साक्षर किये जाने हेतु साक्षरता की कक्षा तथा डिजिटली रूप से भी साक्षर करने हेतु प्रारंभिक कंप्यूटर शिक्षा से आरंभ किया गया। अतिथियों द्वारा जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के शिक्षा हेतु किये जा रहे प्रयास को सराहा गया। इस मौके पर बंदियों को साक्षर करने हेतु चलाये साक्षरता कार्यक्रम में सहयोग करने वाले बंदियों (स्वयंसेवी शिक्षक) सुदराम कड़ती, शशी कुमार, विनोद कोरसा, जितेन्द्र को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जेल एवं साक्षरता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कुपोषित हिमांशी एवं तेजस्वी को गोद लेकर देखभाल की ली जिम्मेदारी

**बालोद, 9 सितंबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ की कुमारी हिमांशी एवं ग्राम परसोदा की कुमारी तेजस्वी सहित दो कुपोषित बच्चों को गोद लेकर इन दोनों बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने हेतु समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में कुपोषित बच्चों एवं उनके परिजनों से भेंट किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने इन दोनों बच्चों को गोद में लेकर स्नेहित दुलार देकर बिस्किट एवं टॉफी भी प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि कुपोषित बच्ची हिमांशी की आयु ढाई वर्ष एवं तेजस्वी की आयु 04 वर्ष है। श्रीमती मिश्रा ने कुपोषित बच्चों के माताओं एवं उनके परिजनों को कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु इन बच्चों के खान-पान एवं उनके समुचित परवरिश के संबंध में भी आवश्यक जानकारी ली। ज्ञातव्य हो जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा भी कुपोषित बालक पुष्पराज एवं प्रिंस ठाकुर को गोद लेकर उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने हेतु उनकी समुचित देखभाल करने की जिम्मेदारी ली गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा गोद लिए गए कुपोषित बालक पुष्पराज की आयु 03 वर्ष एवं प्रिंस ठाकुर की आयु डेढ़ वर्ष है। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैंप 10 को

**बालोद, 9 सितंबर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही मे 10 सितंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि कॉसमॉस मैन पावर प्राइवेट लिमिटेड गुजरात द्वारा 100 से अधिक पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 10 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया गया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में 12वीं एवं किसी भी ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### रोजगार मेला में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए पंजीयन शिविर 11 एवं 12 सितंबर को

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 10 अक्टूबर 2025 को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए दो दिवसीय विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन 11 एवं 12 सितम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के मुख्य कार्यशाला भवन में किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2022 से 2025 तक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं 10 वीं एवं 12 वीं डिप्लोमा उत्तीर्ण निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### माध्यमिक शाला कलमी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**रायगढ़, 9 सितम्बर।** विधिक साक्षरता दिवस के अवसर पर श्री जितेन्द्र कुमार जैन, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर माध्य.शाला कलमी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के द्वारा बच्चों को गुड टच बैड टच एवं साइबर क्राइम के बारे में बताया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के विषय में बताया गया। स्कूल के बच्चों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2000 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए यह बताया कि यह अधिनियम नई पीढ़ी को पेशेवर अपराधी बनाने से बचाना है तथा यह अधिनियम सामाजिक सुधार के लिये लाभकारी है। बच्चों से संबंधित अन्य विधियों में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियम) अधिनियम, के बारे में भी प्रकाश डालते हुए बताया कि बालश्रम एक सामाजिक बुराई है, जो समाज के कमजोर वर्ग की गरीबी व अशिक्षा से जुड़ी हुई है।

### विलंब से शाला आने वाले एवं अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद 9 सितंबर ।** स्कूलों में विलंब से पहुंचने वाले एवं बिना कारण या पूर्व स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला भुरका के प्रधान पाठक श्री धनुर्जय पटेल द्वारा संस्था में विलंब से आने एवं समय पूर्व जाने संबंधी शिकायत मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त संबंध में पूर्व में भी स्पष्टीकरण जारी किया गया था। किंतु उनके द्वारा लगातार इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है जो कि कार्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। तत्संबंध में उन्हें स्पष्टीकरण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के समक्ष 03 कार्यालयीन दिवसों में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जावेगा। इसी तरह जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक श्री एम.जी. सतीश नायर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावनकेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

### नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:कलेक्टर

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन व विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान जनदर्शन के प्रकरणों के गुणवत्ताहीन निराकरण पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं, ऐसे में उनके आवेदनों का निराकरण विभाग प्रमुख स्वयं सुनिश्चित करें। जिन आवेदनों के निराकरण में एक से अधिक कार्यालयों की भूमिका है, उन आवेदनों का निराकरण आपसी समन्वय स्थापित कर किया जाए। आवेदक को संतोषजनक परिणाम मिले, यह सुनिश्चित करें।

### पंडित रविशंकर शुक्ल, यतियतन लाल एवं महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए 20 सितम्बर तक आवेदन

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए 20 सितम्बर 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। रायगढ़ जिले के इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय कलेक्टर, जिला रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

### भानुप्रतापपुर परिवहन संघ का चुनाव सितंबर 10 को

# युवा पैनल ने 14 बिंदुओं पर जारी किया घोषणापत्र

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर परिवहन संघ चुनाव - 2025 के चुनाव को लेकर युवा पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सचिन दुबे ने रविवार को प्रेसवार्ता कर 14 बिंदुओं पर अपना चुनावी घोषणा पत्र जरी किया है।

उन्होंने पत्रकारो को जानकारी देते हुए बताया कि 10 सितम्बर को भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए मतदान होना है। उन्होंने घोषणा-पत्र जारी करते हुए बताया कि हमारी युवा पैनल के द्वारा भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के विभिन्न समस्याओं के निराकरण करने हर संभव प्रयास करेगी। 14 बिंदुओं पर तैयार की गई घोषणा पत्र से निश्चित ही सदस्यों को राहत मिलेगी। हमारा उद्देश्य पारदर्शिता ढंग से छोटी से छोटी समस्याओ का निराकरण करना, 100 प्रतिशत संघ के लिए काम करना एवं छोटे से छोटे ट्रांसपोर्टर को साथ लेकर मिलकर उनके साथ चलेंगे की बात कही। कोषाध्यक्ष प्रत्याशी नरेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रयास के बाद 5 साल बाद परिवहन संघ का चुनाव होने जा रहा है। चुनाव का उद्देश्य संघ का प्रतिनिधि चुनना है। यदि हमे परिवहन संघ के नेतृत्व करने का अवसर मिलता है तो जो हमारे पुराने अनुभवी सदस्यों है उन्ही के मार्गदर्शन पर ही परिवहन संघ का संचालन करेंगे। यह चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था है,परिवर्तन व अच्छे लोगो को जिम्मेदारी दिया जाना चाहिए। मैं संघ के सदस्यों से अपील करना चाहूंगा कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए संघ के बेहतर संचालन का अवसर प्रदान करे।सचिव पद के लिए ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष के लिए संदीप पवार एवं सह सचिव के लिए विभाष जायसवाल है। सिर्फ वादें ही नहीं, मजबूत इरादे 1. संघ के सदस्यों की समस्या एवं संघ के विभिन्न विषयों पर चर्चा हेतु प्रति 02 माह में अनिवार्यतः आमसभा रखेंगे व आय - व्यय की जानकारी से अवगत करायेंगे 2. संघ के पिछले कार्यकाल के आय-व्यय की जानकारी लेकर संघ के सदस्यों के समक्ष सार्वजनिक कियाजायेगा 3. परिवहन संघ की संपत्ति का दुरुपयोग नहीं होने देंगे तथा सदस्यों के मासिक शुल्क में रियायत दी जाएगी।4 संघ क्षेत्र में इसी कार्यकाल में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए यथासंभव प्रयास करेंगे ।5. सदस्य की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर, वाहन के पुनः बन जाने तक की अवधि में नुकसान की भरपाई हेतु उनके लिए स्पेशल ट्रीप देना तय करेंगे।6. संघ के किसी भी पदाधिकारी द्वारा स्वयं के लिए संघ क्षेत्र में ट्रांसपोटिंग का कार्य नहीं लिया जायेगा, जोभी काम होगा वो संघ के लिए होगा।7. सभी सदस्यों की सुविधा के लिए समस्त खदानों के भुगतान का पीडीएफ उपलब्ध करवाया जायेगा ।8. बोर्ड में किसी भी दशा में गलत गाड़ियों को नहीं लगाया जायेगा एवं सभी खदानों में रेसिओ (अनुपात)

बढ़ाने के लिए हर स्तर में प्रयास किया जायेगा ।9. संघ के पदाधिकारी एवं कमिटी के सदस्य प्रतिदिन संघ में उपस्थित रहेंगे ।10. चेमल माइंस में सदस्यों की सुविधा के लिए संघ की ओर से डीजल प्रदान करवाया जायेगा ।11. तेन्दूपत्ता लोकल परिवहन कार्य पुनः संघ में लाया जायेगा, साथ ही रेक पॉइन्ट (चावल, सीमेंट) का कार्य सुनियोजित करने का भरसक प्रयास करेंगे ।12. बारह (12) चक्का वाहन मालिकों को सभी खदानों में कार्य मिले इसके लिए विशेष योजना बनाएंगे ।13. यदि हमारे पैनल को नेतृत्व का अवसर मिलता है तो संघ का पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष संचालन करेंगे।

# जनदर्शन में ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांग छोटू की जिंदगी हुई आसान



**रायगढ़, 9 सितम्बर।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में आज एक दिव्यांग की जिंदगी आसान हो गई। कौहाकुंडा के 29 वर्षीय निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग छोटू यादव को कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। छोटू यादव ने अपनी दैनिक कामकाज में आ रही कठिनाइयों को बताते हुए ट्राईसाइकिल की मांग की थी। कलेक्टर ने उनके आवेदन को संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। इसके बाद अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं उप संचालक समाज कल्याण श्री शिवशंकर पाण्डेय द्वारा छोटू को ट्राईसाइकिल प्रदाय की गई। ट्राईसाइकिल प्राप्त कर छोटू का चेहरा खुशी से खिल उठा और उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनदर्शन में राजस्व, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुआवजा, शौचालय, जल जीवन मिशन, वृद्धा पेंशन, नवीन पंचायत भवन स्वीकृति सहित अनेक विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

# गुढगहन के दुलेराम पटेल सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर



रायगढ़, 9 सितम्बर। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ दिखने लगा है। रायगढ़ जिले के ग्राम गुढगहन के एक निवासी, दुलेराम पटेल, ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया है। इस कदम से उन्हें लगातार बिजली बिल में भारी बचत हो रही है। मई माह में दुलेराम पटेल के सोलर पैनल ने 165 यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जिससे उन्हें 678 रुपए की सब्सिडी मिली। इसके बाद जून माह में उनके पैनल ने 171 यूनिट बिजली पैदा की। इस महीने उन्हें 814 रुपए की छूट मिली और उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया।

दुलेराम पटेल ने बताया कि सोलर पैनल से सिर्फ बिजली के बिल में राहत ही नहीं मिलती, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे सौर ऊर्जा का उपयोग कर न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि बिजली बिल से भी मुक्ति पा रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लक्ष्य है कि हर परिवार स्वच्छ ऊर्जा को अपनाए और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इसी कड़ी में ग्रामीण उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाकर एक नई मिसाल कायम कर रहे हैं।

जो दूसरे लोगों को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे है।

# मनरेगा को प्रभावी बनाने युक्त धारा पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 9 सितम्बर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य योजनाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यवस्थित करने के उद्देश्य से युक्त धारा पोर्टल पर आधारित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत रायगढ़ के सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी सात ब्लॉकों के कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्राम ऑफिसर्स एवं तकनीकी सहायकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि युक्त धारा पोर्टल जो ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रबंधन और निगरानी के लिए एक आधुनिक डिजिटल मंच है। जिसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य योजनाओं को तैयार करने, उनकी प्रगति की निगरानी करने और संसाधनों के उपयोग को पारदर्शी बनाने में मदद मिलती है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों और सहायकों को इस पोर्टल के तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रविष्टि, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग और डिजिटल प्रबंधन की बारीकियों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण सत्र में क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। जिसमें कार्यकारी प्रदान श्री संजय पंडा, एलएसएस टीम श्री संजय पंडा, सहायक परियोजना अधिकारी (एपीओ)मनरेगा श्री राजेश शर्मा, जिला तकनीकी समन्वयक श्री आशुतोष श्रीवास्तव शामिल थे। इन्होंने पोर्टल की कार्यप्रणाली, इसके फीचर्स और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए इसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को युक्त धारा पोर्टल के डैशबोर्ड, डेटा अपलोडिंग और प्रोजेक्ट ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद नगर निगम ने कुंड व शहर की सफाई की



**राजनांदगांव,9 सितंबर।** हॉकी और झांकी के लिए प्रसिद्ध है राजनांदगांव निगम में गणेश विसर्जन एक बड़े उत्सव की तरह होता है जिसमें हजारों लोग रोड में आकर गणेश झांकी देखते हैं जिनके कारण पूरे शहर में कचरा भी हो जाता है साथ ही साथ राजनांदगांव में बहुत अधिक मात्रा में गणेश भक्त होने कारण बहुत जगह गणेश समितियां में और व्यक्तिगत रूप घरों में बैठते हैं। आज नगर निगम ने पूरे शहर की सफाई भी की तो दूसरी तरफ मोहरा नदी में जहां पर गणेश को विसर्जन किया जाता है वहां की भी सफाई निगम कर्मचारियों ने की जिसके कारण मोहरा विसर्जन कुंड और शहर में चारों तरफ सफाई लिखिए। आयुक्त ने कहा लगभग नगर निगम ने जो विसर्जन व्यवस्था की थी विसर्जन कुंड पर 3000 मूर्तियों का विसर्जन हुआ है अब जो अवशेष है उसको डिस्पोजल का काम चल रहा है झांकी के दिन हजार लोग शहर में बाहर निकले थे शहर में कचरा फैल गया था शहर की सफाई के लिए स्वच्छता मित्र और स्वच्छता दीदी लगे हुए हैं और शहर को पूर्ण रूप साफ कर दिया गया।

### युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों की कमी हुई दूर

# हाई स्कूल संतपाली एवं हायर सेकंडरी स्कूल दुर्गापाली में हो रही पढ़ाई




**महासमुंद, 9 सितबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप स्कूलों में युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की पढ़ाई में निरंतरता आई है। मुख्यमंत्री की इस सोच को शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के माध्यम से अमलीजामा पहनाया गया और जिन शैक्षणिक संस्थानों में अतिशेष शिक्षक हैं, उन शिक्षकों की शाला विहीन व एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना की गई।

महासमुंद जिले में भी निर्देशानुसार विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण के तहत समायोजन किया गया है। युक्तियुक्तकृत एवं अन्य विद्यालयों में दर्ज संख्या के अनुपात में बसना विकासखण्ड में कुल अतिशेष शिक्षक 126, सरायपाली में 152, पिथौरा में 139, महासमुंद में 211, बागबाहरा में 75 इस तरह कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार कांउसलिंग के माध्यम से रिक्त पदों पर समायोजन किया गया। इस प्रक्रिया से उन विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति होगी जहाँ उक्त विषय के शिक्षकों की कमी थी। बसना विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल संतपाली के बच्चों को गणित विषय हेतु शिक्षक मिले। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल दुर्गापाली में भौतिकी विषय हेतु शिक्षक नियुक्त हुए। उक्त स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी होने से और स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थी और पालकों में भी खुशी की लहर है कि सरकार के इस निर्णय से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा और वे शिक्षकों के मार्गदर्शन में सही दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हर आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर प्राप्त हो। आज जनदर्शन में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए।

# कांकेर में धर्मांतरण के खिलाफ ग्रामीणों का बड़ा कदम

**कांकेर ,9 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों से चिंतित होकर 20 गांवों के समाज प्रमुखों ने एकजुट होकर सख्त फैसला लिया है। सुलगी गांव में रविवार को आयोजित एक अहम बैठक में गांव में बाहरी धार्मिक प्रचारकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया गया।

#### क्या हुआ बैठक में

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि गांव की परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और आदिवासी रीति-रिवाजों को बचाए रखने के लिए यह कदम जरूरी हो गया था। ग्राम सभा ने प्रस्ताव पारित कर सुलगी गांव के प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगाया है, जिसमें साफ लिखा गया है कि धर्मांतरण की मंशा से आने वाले किसी भी व्यक्ति ङ्क विशेषकर पास्टर या पादरी ङ्क का गांव में प्रवेश निषिद्ध रहेगा।

#### धर्मांतरण से जुड़ा गांव का अनुभव

सुलगी गांव में अब तक 16 परिवारों ने धर्म बदला, जिनमें से 2 परिवारों को पुनः समाज में जोड़ा गया है, जबकि 14 परिवार अभी भी दूसरे धर्म का पालन कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इससे गांव का सामाजिक संतुलन, सांस्कृतिक परंपराएं और शांति-व्यवस्था प्रभावित हो रही हैं।

#### ग्रामीणों की दलील

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि गांव के भोले-भाले लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के खिलाफहै। उनका मानना है कि इस तरह की गतिविधियां आदिवासी संस्कृति और परंपरा के लिए खतरा बन रही हैं।

#### कानूनी आधार

ग्राम सभा ने अपने इस निर्णय को पेशा अधिनियम 1996 और भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची में मिले अधिकारों के तहत लिया है। इन प्रावधानों के अनुसार, ग्राम सभा को अपनी सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक रीति-रिवाजों को संरक्षित करने का अधिकार प्राप्त है।

#### कुडाल गांव से हुई थी शुरुआत

ध्यान देने योग्य बात यह है कि भानुप्रतापपुर ब्लॉक के कुडाल गांव में इस प्रकार की रोक की पहल पहले ही की जा चुकी है। वहां 9 परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया था, और एक महिला की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद होने पर गांव में पास्टर-पादरियों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### लापता बुजुर्ग की जंगल में मिली जली हुई लाश

**बलरामपुर।** जिले के राजपुर खुटरापारा से पिछले तीन दिनों से लापता बुजुर्ग की जंगल में जली हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।बता दें कि छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में जली हुई लाश मिली है। मृतक की पहचान राजपुर खुटरापारा निवासी मुद्रिका सोनी (65 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पिछले शुक्रवार से लापता थे। रविवार रात सेमरसोत अभयारण्य के झालरिया गांव के जंगल में एक अधजली लाश मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया।

# मामूली विवाद में बड़े भाई ने छोटे पर किया कैंची से जानलेवा हमला

**धमतरी,9 सितंबर।** थाना सिटी कोतवाली धमतरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोरिद शांति चौक निवासी आरोपी तेजराम देवांगन उर्फ चुक्कू पिता स्व. रामकुमार देवांगन उम्र 35 वर्ष का अपने छोटे भाई चंद्रकांत उर्फ पिंटू से मोटरसाइकिल को लेकर अक्सर विवाद होता था। बताया गया कि चंद्रकांत अक्सर आरोपी का मोटरसाइकिल मांगकर ले जाता था और उसे खराब हालत में वापस करता था। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कई बार विवाद हो चुका था। दिनांक 06.09.2025 की रात लगभग 10:30 बजे इसी विवाद के चलते आरोपी तेजराम ने अपने छोटे भाई चंद्रकांत पर घर में रखी कैंची से पेट और पीठ पर हमला कर गंभीर चोटें पहुँचाई और घटना के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गवाहों की उपस्थिति में घटना में प्रयुक्त कैंची जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 109 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# शराब पार्टी के बहाने उप-सरपंच की हत्या

**जांजगीर-चांपा ,9 सितंबर।** जिले के करही गांव के लापता उपसरपंच महेंद्र बघेल की पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर देने की खबर है। बताया जाता है कि महेंद्र बघेल को शराब पार्टी के बहाने बुलाया गया और उसकी हत्या कर द गई है। मामले में पुलिस ने सरपंच पति समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फ्लिहाल शव की तलाश के लिए पुलिस और एसडीआरएफ की टीम जुटी है।

बता दें कि करही गांव के उपसरपंच महेंद्र बघेल 6 सितंबर की रात 10 बजे से लापता थे। आसपास ढूंढने और परिचितों से पूछने के बाद भी महेंद्र नहीं मिला तो परिजनों ने बिर्रा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई जांच शुरू की और आखिरी बार जिनकी साथ महेन्द्र को देखा गया था ऐस 6 से 7 संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई पूछताछ की गई। जिसमें पता चला कि उन्होंने की महेंद्र की हत्या की है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने उप सरपंच महेंद्र बघेल की हत्या करने की बात कबूल कर ली और बताया कि उप सरपंच महेंद्र बघेल को शराब पार्टी के लिए स्कूल परिसर बुलाया गया जहां कुछ देर शराब पीने के बाद महेंद्र बघेल की गला दबा कर हत्या कर दी गई। बाद में शव और बाइक को नदी मे फेंक दिया। आरोपियों के कबुलनामे में बाद पुलिस शव को ढूंढने का प्रयास कर रही है। पुलिस द्वारा शव की तलाश के लिए करही गांव से लेकर महानदी के अंतिम छोर तक ड्रोन और एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है। पुलिस ने नदी से उपसरपंच की बाइक को बरामद कर लिया है। फ्लिहाल शव की तलाश जारी है।

# कृषि विभाग ने कई खाद दुकानों व कृषि सेवा केंद्रों पर मारा छापा

**बिलासपुर,9 सितंबर।** जिले के तखतपुर क्षेत्र में यूरिया खाद की लगातार कमी के चलते कृषि विभाग सक्रिय हो गया है। सोमवार को राज्य स्तरीय टीम ने जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ मिलकर नगर के कई खाद एवं कृषि सेवा केंद्रों पर छापे मारे।इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है और कई दुकानदारों में डर का माहौल देखा गया।राज्य संचालनालय की टीम का नेतृत्व कर रहे चिरंजीव सरकार ने नगर के संकट मोचन खाद भंडार में जांच की। वहां बिना एफसीओ प्रमाणपत्र के कीटनाशक दवाइयां बिकती पाई गईं। इस पर दुकान संचालक को संबंधित कंपनी से लाइसेंस प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।खाद की कालाबाजारी और अधिक दामों में बिक्री को लेकर चिरंजीव सरकार ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। यदि कोई दुकानदार खाद को तय कीमत से अधिक पर बेचते पाया गया, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान जब सहायक संचालक पी.डी. हथेश्वर से एक किसान सेवा केंद्र के खिलाफ पहले की गई।

### नवाटोला गांव में घर से 5 किलो गांजा बरामद होने पर पुलिस ने किया महिला को गिरफ्तार

**सूरजपुर,9 सितंबर।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव की एक महिला अपने घर में गांजा छिपाकर रखी है। सूचना मिलते ही चांदनी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के घर छापा मारा। छापेमारी के दौरान सफेद बोरे में पैक किए गए छह पैकेट गांजा बरामद हुए। इनमें से चार पैकेट एक-एक किलो के थे, जबकि दो पैकेट आधा-आधा किलो के। कुल बरामद गांजे का वजन 5 किलो और अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 50 हजार रुपये बताया जा रहा है। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ङ्घ) के तहत केस दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। चांदनी थाना पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे मादक पदार्थों या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### शक करने की आदत से परेशान पत्नी ने कर दी पति की हत्या

**जांजगीर-चांपा,9 सितंबर।।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में पति के शक करने की आदत से परेशान एक पत्नी ने अपने पति की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 7 सितंबर को रात 9 बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक के साले संजय थवाईत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को शाम करीब 6 से 7 बजे उनका जीजा सोमराज शराब पीकर घर आया और चरित्र शंका को लेकर अपनी पत्नी दुर्गा से गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। संजय ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। इसके कुछ देर बाद रात करीब 9 बजे दुर्गा ने संजय के घर आई और बताया कि सोमराज ने फिर से उसके साथ मारपीट की जिससे परेशान होकर उसने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी है। संजय ने तुरंत मौके पर जाकर देखा तो सोमराज अपने कमरे में बिस्तर पर बेसुध पड़ा था। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुर्गा बड़ाईक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# हमर शिक्षक-हमर अभिमान नारों के साथ एसएमडीसी ने मनाया शिक्षक दिवस

**धमतरी,9 सितंबर।** सेजेस सिंगपुर में शिक्षक दिवस का दिन इस बार कुछ खास रहा। इस दिन सेजेस सिंगपुर के शाला प्रबन्धन एवम विकास समिति ने नई पहल करते हुए इस साल शिक्षक दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन कर शिक्षकों का सम्मान किया। इस अवसर पर एस एम डी सी के सदस्यों ने विद्यालय में आकर रंगोली का निर्माण किया जिसमें लिखा था- हमर गाँव, हमर स्कूल,हमर लईका, हमर जिम्मेदारी। हमर शिक्षक हमर अभिमान भाव के साथ आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय का माहौल पूरी तरह से बदला बदला सा लगा। शाला प्रबन्धन एवम विकास समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन की पूरी तैयारी की,मंच का संचालन भी समिति के सदस्यों ने किया। अभी तक विद्यालय द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया जाता था लेकिन इस बार समिति के सदस्यों के द्वारा प्राचार्य से लेकर शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया गया। शिक्षकों के स्वागत सत्कार के बाद समिति के सदस्यों में से जहाँ राधेलाल सिन्हा ने गुरु को ईश्वर से बढ़कर बताते हुए विद्यालय के शिक्षकों के अध्ययन अध्यापन को अनुकरणीय बताया वहीं अयूब खान ने विद्यालय द्वारा समुदाय को जोड़ने हेतु नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की। हरि मरकाम ने टी व्ही कार्यक्रम को प्रभावी एवम प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों के व्यवहार में बहुत ज्यादा बदलाव आया है। अब घर से निकलते समय हर बच्चा माता पिता को प्रणाम करता है। बच्चों के व्यवहार में संस्कारगत व्यवहार देखने को मिल रहा है। उप सरपंच ज्योति तिवारी ने विद्यालय में दिखाए जाने वाले मोटिवेशनल वीडियो को बच्चों में आत्मविश्वास बढाने वाला तथा लड़कियों के लिए मील का पत्थर साबित होने वाला कार्यक्रम बताया। समिति के सक्रिय सदस्य विष्णु निर्मलकर ने विद्यालय की प्रार्थना, अनुशासन,कक्षागत गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## एक नजर

### धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 9 सितम्बर।** खरोरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध रूप से धारदार स्टेनलेस स्टील कत्तानुमा चाकू रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान किशन कुमार सतनामी उर्फ किशन पुरानिक (उम्र 23 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 07, गढ़रिया पारा, खरोरा, जिला रायपुर के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति खरोरा पुराने थाना के पास आम रोड पर अवैध रूप से धारदार चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु खरोरा थाना की पुलिस टीम बताये गए स्थान पर पहुंची, जहां आरोपी को मौके पर रंगे हाथों चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से स्टेनलेस स्टील का धारदार कत्तानुमा चाकू जप्त किया और उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 620/25 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ट्रांसफार्मर से कॉपर क्वााईल व ऑयल पार

**रायपुर, 9 सितम्बर।** कुरा रोड धरसींवा स्थित इंद्रमणी मिनिरल कंपनी के दिवाल को फांदकर अज्ञात चोर ने ट्रॉसफार्मर से कॉपर क्वाईल और ऑयल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललित कुमार यादव 39 वर्ष तिवरईया धरसींवा का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने इंद्रमणी मिनिरल कंपनी के दिवाल को फांदकर ट्रॉसफार्मर से कॉपर क्वाईल और ऑयल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती 1 लाख 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### राजधानी में 13 से बढ़ेगी मानसून की गतिविधियां

**रायपुर, 9 सितंबर।** प्रदेश में 13 सितंबर से मानसून की गतिविधियां तेज होने का पूर्वानुमार मौसम विभाग ने व्यक्त किया है। डॉ. चन्द्रा ने बताया कि राज्य में इस समय खाड़ी में सिस्टम बनने से अनवरत वर्षा हो रही है। पाकिस्तान में भी एक सिस्टम बना हुआ है। राजधानी में आज सुबह धूप निकली। बीती रात कई स्थानों पर बिजली गुल रही जिसके कारण लोगों को परेशानी हुई। डॉ. चन्द्रा ने बताया कि 13 से मानसून गतिविधियां तेज हो जाएंगी। डॉ. चन्द्रा के अनुसार फिलहाल वर्षा का रिकार्ड एकत्र किया जा रहा है। प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र कहे जाने वाले बलरामपुर में बांध खतरे में है। वहीं महानदी में मुख्य नहरों से पानी छोड़ा जा रहा है। पानी के बहाव के कारण कई नहरें फूट गई है। ग्राम लखौनी के पास कुकरा में नल फूटने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई लेकिन जागरूकता के कारण फलस तबाह होने से बच गई। उपरी हवा में चक्रवात तथा द्रोणिका के कारण इस समय छत्तीसगढ़ के अनेक स्थानों में वर्षा हो रही है। जिसके कारण नदी नाले उफान में चल रहे हैं। बस्तर में आई बाढ़ से प्रभावितों के लिए मध्य प्रदेश ने सहायता राशि दी है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने इसके लिए आभार व्यक्त किया है।

### डॉ. वर्मा आत्मकथा सुरंग के उस पार विमोचित

**रायपुर, 9 सितंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के रायपुर निवास के सभागृह में कल सात सितम्बर की शाम पुस्तक विमोचन एवं चर्चा गोष्ठी का आयोजन अगासदिया संस्था ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा लिखित आत्मकथा 'सुरंग के उस पार' का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत और राजमाता फुलवा देवी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रमनसिंह ने कहा कि डॉ. परदेशीराम वर्मा का जीवन संघर्ष और कठिनाइयों के सुरंग से निकलने का साहस प्रेरणास्पद प्रयास है। मैं उनकी किताबों को बहुत चाव से पढ़ता हूं। वे बहुत रोचक शैली में लेखन करते हैं। उन्हें अभी बीस साल और स्वस्थ रहकर लिखना है यह मैं मानता हूं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि डॉ. परदेशीराम वर्मा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना करते हुए लेखन में आगे ही आगे बढ़ते गए। माटी के प्रति प्रेम देखकर मुझे लगता है कि इनका नाम माटीराम होना चाहिए। इनसे हमारा चालीस वर्षों का गहन सम्पर्क है। मैं वर्ष 1992 में उनके गांव लिमतरा गया था। वे संत कबीर पर पुस्तक छत्तीसगढ़ में कबीर लिखकर पुरस्कृत हो चुके हैं। उनके उपन्यास प्रस्थान को महंत अस्मिता का प्रथम पुरस्कार मिला था। वे बेहद सजग, सक्रिय और विनम्र व्यक्ति हैं।

### एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का 22वां दिन, सोमवार को 'रोटी-सम्मान-न्याय-गारंटी' की थीम पर किया प्रदर्शन

# करेंगे जल सत्याग्रह, विधायक-मंत्रियों के बंगले का घेराव

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में 16 हजार से ज्यादा एनएचएम संविदा कर्मचारियों का आज 22वां दिन है। आर-पार की लड़ाई पर उतर आए ये कर्मचारी आज जल सत्याग्रह करने जा रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों के कर्मचारी जल सत्याग्रह में शामिल होंगे। इससे पहले भी भी अलग-अलग तरीकों से प्रदर्शन कर एनएचएम कर्मचारी अपनी मांग रख चुके हैं। हड़ताल के 21वें दिन यानी सोमवार को 'रोटी-सम्मान-न्याय-गारंटी' की थीम पर प्रदर्शन चला। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने कहा कि, अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस फैसले चाहिए।। सरकार जल्द सुनवाई नहीं करती तो एनएचएम कर्मचारी



विधानसभा का घेराव भी करेंगे। मंत्रियों-विधायकों के घरों के बाहर उग्र प्रदर्शन होगा।

**एनएचएम कर्मचारी दे चुके हैं सामूहिक इस्तीफा :** इससे पहले कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा देकर स्वास्थ्य विभाग को झटका दिया था। रायपुर में 1600, दुर्ग में 850 और रायगढ़



में 500 कर्मचारियों ने इस्तीफा सौंपा। हालांकि रायपुर कर्मचारियों के इस्तीफे को लेकर सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने कहा कि ज्ञापन लिया गया है, लेकिन इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 3 सितंबर को 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इसमें एनएचएम संविदा कर्मचारी संगठन के प्रदेश संरक्षक हेमंत सिन्हा और महासचिव कौशलेश तिवारी के नाम भी शामिल हैं। इसके बाद से हेल्थ कर्मियों का विरोध प्रदर्शन भी तेज हो गया है।

#### सिस्टम दबाव बनाने की कोशिश कर रहा

इस कार्रवाई पर एनएचएम संविदा कर्मचारियों का कहना है कि, सिस्टम दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। बातचीत के रास्ते शासन-प्रशासन स्तर पर बंद कर दिए गए हैं। ऐसे में प्रोटेस्ट ही एक मात्र विकल्प है, जो जारी रहेगा। बता दें कि, कर्मचारियों ने अलग-अलग तरह से प्रदर्शन किया। पीएम-सीएम और स्वास्थ्य मंत्री का मुखौटा पहनकर डांस किए। खून से लेटर भी लिख चुके हैं।

# रायपुर में पायलट बोले-डबल इंजन सरकार धुआं फेंक रही

### भूपेश के नेतृत्व वाले बयान पर कहा-मिलकर चुनाव लड़ेंगे

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कांग्रेस की 'वोट चोर-गद्दी छोड़' सभा थोड़ी देर में शुरू होगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले सभा में शामिल होने रायपुर पहुंचे सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल धुआं फेक रही है। जनता के परेशानियों पर काम नहीं कर रही।

चौबे के भूपेश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने वाले बयान पर कहा, कि सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे, व्यक्ति विशेष की बात नहीं है। वहीं महंत के चमचा और सांप बिच्छू वाले बयान पर कहा कि कांग्रेस विपक्ष की सक्रिय भूमिका निभा रही है।डिसिप्लिन पार्टी है।

**उपराष्ट्रपति के इस्तीफे पर कहा- धनखड़ दबंग व्यक्तिः** देश की जनता जान नहीं पाई पूर्व उपराष्ट्रपति अभी कहां है। अचानक उन्होंने क्यों पद त्याग दिया..? धनखड़ साहब बहुत दबंग व्यक्ति हैं, लंबे समय से हम उन्हें जानते हैं। क्या कारण है कि अचानक वह चुप हो गए सच्चाई क्या है कि पद खाली क्यों किया गया। कभी ना कभी इसकी पोल जरूर खुलेगी, उम्मीद है हमारे प्रत्याशी को अच्छा समर्थन मिलेगा।



#### साव बोले- झूठ से शुरू हो रही यात्रा



बिलासपुर के मुंगेली नाका चौक स्थित ग्रीन गार्डन मैदान में दोपहर 1 बजे होने वाली सभा में 25 हजार से अधिक लोगों के भीड़ जुटाने का दावा किया गया है। इस पर डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि, मैदान की साइज देख लीजिए, कहां पर 25 हजार लोग आएंगे। झूठ से इनकी यात्रा शुरू हो रही है। कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या करने वाली है। चुनाव हारते हैं, तो सबसे पहले इन्होंने ईवीएम पर ठीकरा फोड़ा है। फिर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और अब वोट चोरी का आरोप। वोट चोरी का आरोप लगाना देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान है। जनता का अपमान है।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा...व्यापम ने जारी किया प्रवेश-पत्र

# परीक्षा 14 को, दो घंटे पहले सेंटर पहुंचना मैंडेटरी, लाइट कलर की शर्ट पहनकर जाएं

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यापम (छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर) ने जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग भर्ती (PHQC25) की लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। परीक्षा 14 सितंबर 2025 (रविवार) को होगी।

परीक्षा का समय सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक रहेगा। कुल परीक्षा अवधि 2 घंटे 15 मिनट की होगी। कुल 100 अंकों की परीक्षा होगी, जिसमें माइनस मार्किंग नहीं होगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा केंद्र पर बिना फोटोयुक्त एडमिट कार्ड और वैध पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि) के प्रवेश नहीं मिलेगा।

**पांचों संभागीय मुख्यालयों में होगी परीक्षाः** परीक्षा बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर और अंबिकापुर मुख्यालय स्थित केंद्रों में होगी। आरक्षकों की भर्ती के लिए प्रथम चरण की दक्षता परीक्षा अक्टूबर 2023 में पूर्ण हो चुकी है। भर्ती प्रक्रिया का विज्ञापन 4 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था। प्रथम चरण में दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी।

#### परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल यही ले जाएं

प्रवेश पत्र, काला या नीला बाल पॉइंट पेन, फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र / ड्राइविंग लाइसेंस/ पेन कार्ड/आधार कार्ड आदि की मूलप्रति।, फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

#### जरूरी निर्देश

- परीक्षा केंद्र में परीक्षा समय से 2 घंटे पहले पहुंचें।
- एंट्री गेट पर फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) होगी।
- परीक्षा केंद्र में मोबाइल, कैलकुलेटर, इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पर्ची, बैग, बेल्ट, टोपी आदि वर्जित रहेंगे।
- परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधन का उपयोग करने पर कार्रवाई की जाएगी।
- परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले और समाप्ति के आधा घंटा पहले प्रवेश नहीं मिलेगा।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में रायपुर रनर-अप



- राजधानी के खिलाड़ियों ने 10 गोल्ड समेत 22 मेडल जीते, सबसे ज्यादा 4 गोल्ड रिले रेस में मिले

**रायपुर, 9 सितम्बर।** रायपुर एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। बिलासपुर के बेहतराई में तीन दिन तक चले 22वीं सब-जूनियर, जूनियर और अंडर-23 बालक-बालिका राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रायपुर अकादमी ने कुल 22 पदक हासिल किए और ओवरऑल सेकंड रनर-अप का खिताब अपने नाम किया।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान :** इधर, बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की खिलाड़ी गुंजन पटले ने 23 से 30 अगस्त 2025 तक नॉर्वे के ओस्लो में आयोजित होमलेस फुटबॉल वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की ओर से गोलकीपर के रूप में प्रतिनिधित्व किया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम ने सभी विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

# नवागांव में हुई हत्या के मामले में 9 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव, 9 सितम्बर।** राजनांदगांव के नवागांव वार्ड में कल सुबह कल दो पक्षों अजय सिंह राजपूत और आरोपी ऋतिक भट्ट अभय मेश्राम के बीच में सुबह से विवाद चल रहा था। विवाद देर शाम को हत्या का रूप ले लिया। कल शाम को आरोपी ऋतिक भट्ट और अभय मेश्राम के आठ से अधिक साथियों ने किशन सिंह राजपूत और राकेश ढीमर को चाकू से मारा था जिससे राकेश ढीमर की मौत हो गई। किशन श राजपूत अभी भी घायल है

पीड़ित पक्षकार अजय सिंह राजपूत की ओर से कल 7 सितंबर कल से लगातार सूचना दी जा रही थी। सुबह से आरोपियों की तरफसे जान से मारने की धमकी मिल रही थी पुलिस को हत्या की घटना होने की संभावना बताया जा रहा था।

लेकिन टाइम पर पुलिस नहीं पहुंची। और फिर शाम राकेश ढीमर की हत्या हो गई शाम को अजय राजपूत को पिता किशन राजपूत और राकेश ढीमर ऊपर चाकू से हमला हुआ जिसमें राकेश ढीमर की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों की कार और बाइक को भी गांव वाले ने गुस्से में जला दिया था।



नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने बताया आज पुलिस ने बताया कि 9 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है जिसमें देर रात को ही 5 आरोपी पकड़ा गए थे। पुलिस ने बताया कि मामला आपसी रंजिश का है जिसके कारण हत्या को अंजाम दिया गया आज पुलिस आरोपियों की परेड निकलते हुए कोर्ट में प्रस्तुत किया

**पुष्पेंद्र नायक** सीएसपी राजनंदगांव

# गुजरात और ओडिशा ने बाढ़ राहत के लिए दिए 5-5 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री साय ने जताया आभार

**रायपुर, 9 सितम्बर।** बस्तर संभाग में आई भयावह बाढ़ से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इस आपदा की घड़ी में देश के विभिन्न राज्यों ने छत्तीसगढ़ की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। अब गुजरात और ओडिशा सरकार ने भी मुख्यमंत्री राहत कोष में 5-5 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से दोनों राज्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी द्वारा दी गई सहायता बस्तर के प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत पहुंचाने में मददगार होगी। मुख्यमंत्री ने इसे आपसी सहयोग और साझा दायित्व की मिसाल बताया। इससे पहले मध्यप्रदेश सरकार ने सबसे पहले राहत के रूप में 5 करोड़ रुपये और जरूरी सामग्री भेजी थी। इसके बाद गोवा सरकार ने भी 5 करोड़ रुपये की सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई। अब गुजरात और ओडिशा की ओर से भी सहयोग प्राप्त होने से राहत कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से सभी सहयोगी राज्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

# एडीईओ भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का मामला गरमाया

### 28 प्रश्नों पर उठे सवाल, हजारों अभ्यर्थियों ने किया विरोध

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा 15 जून 2025 को आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा विवादों में घिर गई है। परीक्षा में 28 प्रश्नों को लेकर गड़बड़ियों के आरोप लगने के बाद हजारों अभ्यर्थियों ने विरोध तेज कर दिया है। नाराज उम्मीदवारों ने राजधानी के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि परीक्षा रद्द कर दोबारा आयोजित की जाए, सटीक और त्रुटिरहित प्रश्नपत्र की गारंटी दी जाए, गड़बड़ प्रश्नों के लिए जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए, मुद्रण और अनुवाद संबंधी त्रुटियों को भविष्य में सुधारा जाए, एक से अधिक सही उत्तर' जैसे नियम को खत्म किया जाए तथा विलोपित प्रश्नों पर समान बोनस अंक की नीति में बदलाव हो। बता दें कि परीक्षा के मॉडल उत्तर 14 जुलाई 2025 को जारी किए गए थे, जिनमें 21 प्रश्नों में बदलाव किया गया था, 12 प्रश्न विलोपित कर दिए गए थे, 6 प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर सही माने गए तथा 3 प्रश्नों के उत्तर बदले गए थे। हालांकि, अभ्यर्थियों का कहना है कि अब भी कुल 28 प्रश्नों में गंभीर त्रुटियां हैं। सेट्र के 5 प्रश्न (7, 15, 20, 64, 65) विशेष रूप से गलत या अस्पष्ट बताए गए हैं, जबकि*6 अन्य प्रश्न (18, 41, 44, 46, 62, 87) भी विवादों में हैं।

#### विलोपित प्रश्नों के बोनस अंक पर भी सवाल

व्यापम के नियम अनुसार, विलोपित प्रश्नों के बोनस अंक सभी को मिलते हैं, चाहे उन्होंने वह प्रश्न हल किया हो या नहीं। अभ्यर्थियों का तर्क है कि यह व्यवस्था उन छात्रों के साथ अन्याय है जिन्होंने सवाल हल करने की मेहनत की थी।

#### प्रश्नों में त्रुटियां

प्रश्न 47 में Me&ican को गलती से Ma&ine छापा गया।

प्रश्न 87 में अंग्रेज़ी में ष्ठद्गष्द्वद्बद्गह्र और हिंदी में फरवरी लिखा गया था, जिससे भ्रम की स्थिति बनी।

प्रश्न 18 में सरकारी वेबसाइट और पिछली परीक्षाओं के जवाबों से मेल नहीं खाने वाली जानकारी पाई गई।

#### व्यापमं की भूमिका पर सवाल

अभ्यर्थियों का कहना है कि व्यापम जैसे अनुभवी संस्थान से इस स्तर की लापरवाही की उम्मीद नहीं थी। 2.22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी थी, और इतने बड़े स्तर पर गलतियों ने परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 21 अगस्त को व्यापम को लिखित रूप से शिकायत भेजी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

**बदहाली** रायपुर में बल्लियों के सहारे जर्जर पुलिस-क्वार्टर, हाईकोर्ट ने पुलिस हाउसिंग-बोर्ड के एमडी से मांगा शपथ-पत्र

# 34 साल पुराने 24 जर्जर मकान में 20 परिवार

**रायपुर, 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 20 पुलिस परिवार 34 साल पुराने जर्जर क्वार्टर में रहने के लिए मजबूर है। मकानों की बदहाली ऐसी कि छत और सीढ़ियां बल्लियों के सहारे टिकी हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एमडी को शपथपत्र के साथ जवाब पेश करने कहा है। केस की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। दरअसल, आमानाका में पुलिसकर्मियों के लिए बने क्वार्टर 34 साल पुराना है। स्थिति यह है कि 24 मकान पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। जहां करीब 20 परिवार रह रहे हैं। छत जाने वाली सीढ़ियां टूटकर गिर चुकी हैं, जबकि पहली मंजिल की



सीढ़ियां बल्लियों के सहारे खड़ी हैं। इस बदहाल क्वार्टर में रहने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिवार को जान का खतरा है। नगर निगम ने इन्हें खतरनाक घोषित किया है। लेकिन, अब तक न तो मकान खाली कराए गए और न ही इसे ध्वस्त किए गए।

**हाईकोर्ट ने जताई चिंता, कहा- परिवारों की सुरक्षा का उपाय जरूरीः** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने संज्ञान में ले लिया है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लते हुए पुलिस परिवारों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। डिवीजन बेंच ने कहा कि सुरक्षा के लए ठोस कदम उठाना जरूरी है। कोर्ट ने मामले में पुलिस हाउसिंग बोर्ड के एमडी को 17 सितंबर तक शपथ पत्र के साथ जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

**कोई गिर न जाए इसलिए रखे गमलेः** छत जाने वाली सीढ़ी की बाउंड्री भी टूट चुकी है। अनजाने में इससे कोई गिर न आए, इसलिए रहवासियों ने सीढ़ी के रास्ते में गमले (लात मेरे में) रख दिए हैं। बच्चों को भी अलर्ट किया गया है।

**सभी जर्जर भवनों को नोटिसः** रायपुर नगर निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा ने कहा था कि, नगर निगम सीमा में आने वाले सभी जर्जर भवनों को नोटिस जारी किया जा रहा है। संबंधित एजेंसी को इसे जल्द डिस्मेंटल करने के लिए कहा गया है।

#### मंजूरी के बाद शुरू होगा काम- एमडी

पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एमडी पवन देव ने कहा था कि, जर्जर आवासों को सुधारने 10 करोड़ रुपए मिले हैं। नए आवासों के लिए 400 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू होगा।

#### 6 साल से अधर में नई आवास योजना

कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल स्तर के पुलिसकर्मी इन मकानों में रह रहे हैं। खबर में खुलासा हुआ कि मरम्मत के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, साथ ही 400 करोड़ रुपए की नई योजना बनाकर भेजी गई है। लेकिन, बीते छह सालों से नए मकान बनने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26